शनिवार

28 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





छपरा में प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर पथराव के बाद बवाल 2




## खबरें फटाफट

### पिछड़ा वर्ग से आने वाला बनेगा तेलंगाना का मुख्यमंत्री : शाह



**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार करने पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर जमकर हमला किया। अमित शाह ने कहा, केसीआर अपने बेटे केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को पीएम बनाना चाहती हैं। यह दोनों ही परिवारवाद को आगे बढ़ाने के लिए ही राजनीति करते हैं। उन्होंने तेलंगाना के सूर्यापेट में रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि तेलंगाना का भला ना भारत राष्ट्र समिति कर सकती है ना ही कांग्रेस कर सकती है। तेलंगाना का भला और राज्य का सम्पूर्ण विकास केवल बीजेपी ही कर सकती है। अमित शाह ने ऐलान किया कि तेलंगाना में बीजेपी की सरकार बनती है तो पिछड़ा वर्ग से आने वाले नेता राज्य के मुख्यमंत्री होंगे।

### पीएम के राम मंदिर उद्घाटन में जाने के फैसले का विरोध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रीराम मंदिर उद्घाटन समारोह में जाने के फैसले पर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। इसी सिलसिले में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के चीफ मौलाना महमूद मदनी ने बयान जारी कर विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने दो टूक कहा कि मुल्क के वजीरे आजम को न किसी मंदिर... किसी इबादतगाह के बुनियाद के लिए नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ये बात कही जाती है कि अयोध्या में मस्जिद बनाई जा रही है, वहां हमारे प्रधानमंत्री जाकर उद्घाटन करेंगे। हम दो बातें कहना चाहते हैं। पहला कि हम अयोध्या पर जो कोर्ट का फैसला आया है उसे सही नहीं मानते हैं। हमारा मानना है कि वो फैसला गलत माहौल में, गलत तरीके से, गलत बुनियादों पर किया गया है। उन्होंने कहा, दूसरी बात ये है कि मुल्क के वजीरे आजम को न किसी मंदिर, किसी इबादतगाह के बुनियाद के लिए बिल्कुल नहीं जाना चाहिए।

# उत्तर प्रदेश में पराली से कंप्रेस्ड गैस और जैविक खाद का होगा उत्पादन

- सीएम योगी की मंशा के अनुरूप यूपी में वेस्ट से ग्रीन एनर्जी बनाने की दिशा में तेजी से चल रहा काम
- बुलंदशहर में दिसंबर तक शुरू होगा प्लांट, यूपीजीआईएस में बुलंद बायोगैस ने सरकार के साथ 18.75 करोड़ रुपए का किया था एमओयू

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण से जल्द निजात मिलेगी। यही नहीं, प्रदेश में पराली से कंप्रेस्ड गैस (सीएनजी) का उत्पादन होगा, जिससे आय के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही शुद्ध जैविक खाद (ग्रीन एनर्जी) का भी उत्पादन होगा, जिसके इस्तेमाल से होने



वाली पैदावार के सेवन से बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित हो सकेगा। दरअसल, सीएम योगी ने प्रदेश में जैव ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए जैव ऊर्जा नीति 2022 को जारी किया था। इस नीति के तहत बड़े पैमाने पर निवेश का लक्ष्य रखा गया था। कई बड़े निवेशकों ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश सरकार के साथ एमओयू किया था, जो अब धरातल पर उतरने जा रहा है। योगी सरकार ने हर तहसील में बायोगैस प्लांट का लक्ष्य रखा था, जिसमें से कुछ जल्द ही शुरू होने को तैयार हैं।

### 100 लोगों को मिलेगा रोजगार

जो प्लांट शुरू होने को तैयार हैं उनमें बुलंदशहर का बुलंद बायोगैस भी है, जिसकी स्थापना ग्राम लौहगला तहसील में हो रही है। बुलंद बायोगैस ने प्रदेश सरकार के साथ 18.75 करोड़ रुपए का एमओयू किया था, जिसकी कॉस्ट बढ़कर अब 21 करोड़ रुपए हो गई है। यह प्लांट दिसंबर में अपना उत्पादन शुरू कर देगा। इस प्लांट से प्रतिदिन 3 टन सीएनजी का उत्पादन होगा, जिससे प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होगी। वहीं 80 से 100 लोगों को रोजगार भी मिलेगा। बुलंद बायो गैस के ओनर अतहर अहमद ने बताया कि प्लांट में सिर्फ पराली ही नहीं, बल्कि पुआल,गोबर, भूसा, गन्ने की मैली, म्युनिसिपल वेस्ट जैसे डिग्रेडेबल वेस्ट से कंप्रेस्ड बायोगैस या ये कहें कि सारी गैसों का मिक्सचर बनता है। इसको टेक्नोलॉजी की मदद से सीएनजी को प्यूरीफाई किया जाता है।

### जैविक खाद से सुधरेगी सेहत

इस प्रोजेक्ट की सबसे अच्छी बात ये ही इसमें बड़ी मात्रा में जैविक खाद का उत्पादन होगा। कंप्रेस्ड गैस के उत्पादन में जो वेस्ट निकलेगा वो 100 प्रतिशत जैविक होगा। यह वेस्ट सॉलिड भी होगा और लिक्विड भी। जो लिक्विड जैविक खाद होगी प्लांट की ओर से उसे 3 साल तक किसानों को मुफ्त दिया जाएगा। इन किसानों को डीएम या सीडीओ चिन्हित करेंगे। इससे उन किसानों को फायदा होगा जो फर्टिलाइजर, डीएपी, यूरिया नहीं खरीद पाते हैं। जैविक खाद और लिक्विड खाद का ये फायदा है कि खेती उपजाऊ जमीनों में फर्टिलाइजर खादों की एक मोटी लेयर बिछ चुकी है। वह पेड़ पौधों की जड़ों तक पहुंचने में समय लेती है। वहीं, जैविक खाद को इसमें डालेंगे तो यह 2 से 3 घंटे में जड़ तक पहुंच जाएगी। इससे किसानों का तो फायदा होगा ही, साथ ही आम लोगों को भी शुद्ध जैविक फूड मिल सकेगा।

### सरकार दे रही अनेक सुविधाएं

उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बहुत तेजी से आगे बढ़ाया है और इसके लिए जैव ऊर्जा नीति 2022 लेकर आए। इसके अंदर उन्होंने बहुत सारी सुविधाएं प्रदान कीं। पहली सुविधा ये रही कि जिनके पास एलओआई लाइसेंस आ गए हैं, वो इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार भी इसमें 75 लाख से लेकर 20 करोड़ रुपए तक अधिकतम सब्सिडी प्रदान कर रही है। यही नहीं, बिजली पर जो सरचार्ज लगता है उसमें 10 साल के लिए छूट दी गई है। स्टांप ड्यूटी में भी 10 साल तक के लिए छूट कर दी गई है तो लैंड डेवलपमेंट चार्जेस को भी 10 साल तक के लिए निशुल्क कर दिया। इसके अलावा मशीनरी पर 50 प्लस 30 यानी कुल 80 परसेंट की छूट दी जा रही है।

### कतर से नौसेना के 8 पूर्व अफसरों को वापस लाएं पीएम : ओवैसी



**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को वापस लाना चाहिए। दरअसल आठ पूर्व अधिकारियों को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह 'बहुत दुर्भाग्यपूर्ण' है कि पूर्व नौसेना अधिकारी मौत की कतार में हैं। असदुद्दीन ओवैसी ने ट्वीटर पर पोस्ट करके कहा कि अगस्त में उन्होंने कतर में फंसे पूर्व नौसेना अधिकारियों का मुद्दा उठाया था। गुरुवार को उन्हें मौत की सजा सुनाई गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शेखी बघारी है कि इस्लामी देश उनसे कितना प्यार करते हैं। उन्हें हमारे पूर्व नौसेना अधिकारियों को वापस लाना होगा। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्हें मृत्युदंड का सामना करना पड़ा।

**क्यों अरेस्ट हुए थे ये अधिकारी:** कतर अधिकारियों की ओर से इजराइल के लिए जासूसी करने का आरोप लगाए जाने के बाद पिछले साल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन लोगों में सम्मानित अधिकारी भी शामिल हैं, जिन्होंने भारतीय नौसेना में रहते हुये प्रमुख भारतीय युद्धपोतों की कमान संभाली थी। वे दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिए काम कर रहे थे, जो एक निजी कंपनी है और कतर के सशस्त्र बलों को प्रशिक्षण और संबंधित सेवाएं प्रदान करती है।

### पीएम मोदी ने मोबाइल कांग्रेस का किया उद्घाटन, बोले...

# वर्ष 2014 से पहले सरकार और मोबाइल दोनों हैंग कर जाते थे

- बोले- हम ना केवल 5जी, बल्कि 6जी के क्षेत्र में भी लीडर बनने जा रहे हैं
- 2014 से पहले भारत के पास कुछ 100 स्टार्टअप्स थे लेकिन यह संख्या अब 1 लाख के आस-पास है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 7वें भारतीय मोबाइल कांग्रेस 2023 का उद्घाटन किया. इस दौरान पीएम मोदी ने यहां आयोजित प्रदर्शनी का भी मुआयना किया। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज हर दिन टेक्नोलॉजी में तेजी से होते बदलाव के कारण हम कहते हैं कि द फ्यूचर इज हेयर एंड नाउ। इस एग्जिबिशन में मैंने फ्यूचर की एक झलक देखी। टेलीकॉम हो, टेक्नोलॉजी हो कनेक्टिविटी हो, 6जी हो, एआई हो, साइबर सिक्योरिटी हो, सेमीकंडक्टर हो, ड्रोन या स्पेस सेक्टर हो या फिर दूसरे सेक्टर्स, आने वाला समय बिल्कुल ही अलग होने जा रहा है। यह खुशी की बात है कि हमारी युवा पीढ़ी देश के भविष्य का नेतृत्व कर रही है, टेक को लीड कर रही है।

6 जी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'हम ना केवल फाइव जी, बल्कि 6जी के क्षेत्र में भी लीडर बनने जा रहे हैं। 2 जी में क्या हुआ था शायद नई पीढ़ी को पता नहीं होगा। इतना जरूर कहूंगा कि हमारे कालखंड में 4 जी का विस्तार हुआ लेकिन एक भी दाग नहीं लगा। मेरा दावा है



कि 6 जी में भारत दुनिया को लीड करेगा। इंटरनेट में स्पीड ना केवल रैंकिंग में सुधार होता है बल्कि हमारी ईज ऑफ लाइफ में भी सुधार होता है। इंटरनेट की स्पीड सोशल और इकोनॉमिक दोनों ही रूप से बड़ा परिवर्तन करती हैं।

कांग्रेस का नाम लिए बगैर यूपीए सरकार पर चुटकी लेते हुए पीएम मोदी ने कहा, '2014 एक तारीख नहीं एक बदलाव है। बीते कुछ वर्षों में भारत की सबसे महत्वपूर्ण सक्सेस स्टोरी में हमारा स्टार्टअप इकोसिस्टम भी एक महत्वपूर्ण स्थान ले चुका है। 2014 से पहले भारत के पास कुछ 100 स्टार्टअप्स थे लेकिन यह संख्या अब 1 लाख के आस-पास है। बहुत कम समय में हमने यूनिकॉर्न का शतक लगाया है और हम दुनिया के टॉप 3 स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक बने हैं। ये भी बहुत अच्छा है कि स्टार्ट अप्स को प्रोत्साहित करने के लिए इंडियन मोबाइल कांग्रेस ने एस्पायर कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस पड़ाव पर हमें ये भी याद रखना होगा कि हम कितना दूर आएंगे और किन परिस्थितियों के बाद इतना दूर आए हैं।

पीएम मोदी ने आगे कहा, आप 10-12 साल पुराने समय को याद करिए जब आउटडेटेड मोबाइल फोन की स्क्रीन बार-बार हैंग कर जाती थी, चाहे आप कितना भी स्वाइप कर लें या बटन दबा ले, कुछ असर नहीं होता था। ऐसी ही स्थिति उस समय सरकार की भी थी। उस समय भारत की अर्थव्यवस्था का कहें या तब की सरकार कहें, वो हैंग हो गए वाले मोड में थी। हालत इतनी बिगड़ गई थी कि रि स्टार्ट करने, बैटरी चार्ज करने या बैटरी बदलने से भी कोई फायदा नहीं होता था। 2014 में लोगों ने ऐसे आउटडेटेड फोन को छोड़ दिया और हमें सेवा करने का अवसर दिया। इस बदलाव से क्या हुआ ये दिखता है। उस समय हम मोबाइल फोन के इंपोर्टर थे, आज हम एक्सपोर्टर हैं। आज हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल मैन्युफैक्चर्रस हैं।

## आदेश... बगैर इजाजत के दूसरी शादी नहीं कर सकेंगे असम के कर्मचारी


**एजेंसी/नई दिल्ली**

असम सरकार ने अपने कर्मचारियों को पति या पत्नी के जीवित होते दूसरी शादी करने पर रोक लगाने के साथ दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। कार्मिक विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि यदि पति या पत्नी जीवित है तो सरकारी कर्मचारी को किसी अन्य व्यक्ति से शादी करने से पहले सरकार की अनुमति लेनी होगी। भले ही उसे व्यक्तिगत कानून के तहत उसे ऐसी शादी की अनुमति हो। हालांकि, इसमें तलाक के मानदंडों के बारे में उल्लेख नहीं किया गया है। सीएम हिमंत बिस्व सरा के निर्देश पर नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि दिशानिर्देश असम सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 26 के प्रावधानों के अनुसार जारी किए गए हैं। नियमों का



उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक प्राधिकरण सरकारी सेवक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर सकता है। उसके ऊपर बड़े जुर्माने समेत उसे अनिवार्य सेवानिवृत्ति का सामना करना पड़ सकता है।

**सरकार ने क्या कहा है:** पत्र में कहा गया, कोई भी सरकारी कर्मचारी, जिसका पति या पत्नी जीवित है, सरकार की अनुमति के बिना दूसरी शादी नहीं करेगा, भले ही उस पर लागू होने वाले पर्सनल लॉ के तहत दूसरी शादी की अनुमति हो। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।



### सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्री अन्न प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का किया शुभारंभ, बोले...

# वैदिक काल से है श्री अन्न का महत्व, बढ़ेगी उपयोगिता

- सीएम ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में श्री अन्न प्रदर्शनी का किया अवलोकन
- श्री अन्न की उत्पादकता बढ़ाने के लिए बड़े स्तर पर शोध की जरूरत

**केटी न्यूज/लखनऊ**

श्री अन्न का महत्व वैदिक काल से रहा है। भविष्य में भी जब दुनिया खाद्यान संकट का सामना करेगी तो श्री अन्न की उपयोगिता बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश श्री अन्न के उत्पादन का केंद्र बन सकता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्यस्तरीय श्री अन्न प्रदर्शनी एवं कार्यशाला के शुभारंभ समारोह के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने इससे पहले तीन दिवसीय श्री अन्न महोत्सव का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए श्री अन्न उत्पादकों की ओर से लगाये ये प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल ने हमें बड़ा सबक दिया है, हम जितना कृत्रिम जीवन जीने का प्रयास करेंगे महामारियां हमें उतना ही परेशान करेंगी। हमें प्राकृतिक वास और जीवनशैली को अपनाना होगा और उसमें श्री अन्न बहुत ही सहायक होगा। इसकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए शोध और अनुसंधान की आवश्यकता है।



अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में शोध एवं अनुसंधान के लिए कार्य कर रही उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् के 34वां स्थापना दिवस पर अगले तीन दिन तक श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन हो रहा है। ये महोत्सव यूपी के किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का माध्यम बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि पिछली सदी के छठे और सातवें दशक तक बड़ी मात्रा में मोटे अनाज का उत्पादन होता था। ये हमारे दैनिक जीवन का अंग था। मगर बढ़ती आबादी की आवश्यक्ता और इस दिशा में शोध और अनुसंधान की गति थमने के कारण इसका उत्पादन कम होता गया।

**केमिकल फटीर्लाइजर के अत्यधिक उपयोग से बढ़े हैं तमाम रोग:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारा देश खाद्यान आत्मनिर्भरता में बहुत आगे बढ़ चुका है, मगर इसके साइड इफेक्ट भी पड़े हैं। केमिकल फटीर्लाइजर के अत्यधिक उपयोग से तमाम रोग बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न का उत्पादन कम पानी वाले क्षेत्रों में भी होता है। हमें इसका उत्पादन बढ़ाने के लिए इस दिशा में व्यापक पैमाने पर शोध और अनुसंधान की आवश्यकता है। ये खुशी की बात है कि आज हर परिवार में श्री अन्न का किसी ना किसी रूप में प्रयोग होना शुरू हो गया है। अब इस दिशा में व्यापक रूप से प्रयास प्रारंभ हुआ है। आज मिलेट्स से नये-नये उत्पाद बनाना शुरू हो गये हैं। ये पौष्टिक होने के साथ ही खाने में भी स्वादिष्ट होते हैं।

**कृषि विज्ञान केंद्रों में शुरू हुई है नई प्रतिस्पर्धा:** मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 तक कृषि विज्ञान केंद्रों की हालत खराब थी। आज इनमें नई प्रतिस्पर्धा शुरू हुई है। इसमें कृषि विश्वविद्यालयों की अहम भूमिका है। प्रदेश के तीन करोड़ किसानों के लिए बेहतरीन शोध संस्थानों से अच्छी क्वालिटी के बीज उपलब्ध कराने के लिए तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने ऑर्गेनिक प्रोडकट के सर्टिफिकेशन के लिए हर कृषि विज्ञान केंद्र और कषि विवि में लैब की स्थापना करने के लिए भी कहा। सीएम योगी ने बताया कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और इसमें गोवंश बहुत बड़ी भूमिका निभा सकता है।

**मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित:** मुख्यमंत्री ने श्रीअन्न के क्षेत्र में कार्य करने वाले 35 कृषक उत्पादक संगठनों को सम्मानित किया। इसके अलावा प्रदेश के पांच कृषि विज्ञान केंद्रों (झांसी, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर और गाजीपुर) को मिलेट्स प्रसंस्करण संयंत्र के लिए 95-95 लाख की सहायता प्रदान की गई। साथ ही जिन कृषक उत्पादक संगठनों ने अधिक से अधिक किसानों को मिलेट्स फार्मिंग के लिए प्रशिक्षित और प्रोत्साहित किया उन्हें भी मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व अन्य मौजूद रहे।

## सीएम नीतीश ने स्व. राम बहादुर सिंह और स्व. पद्मानंद सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

# लोगों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करें: नीतीश

- सीएम ने कहा कि कुछ लोग देश के इतिहास को बदलना चाहते हैं लेकिन हम सबको सचेत रहना है
- रामबहादुर बाबू ने लोगों को नशा से दूर रहने का किया था आह्वान

**केटी न्यूज/सहरसा**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को बाहुबली आनंद मोहन सिंह के घर सहरसा के पचगछिया पहुंचे। यहां उन्होंने कोसी के गांधी स्व. राम बहादुर सिंह और उनके बेटे स्वतंत्रता सेनानी स्व. पद्मानंद सिंह ब्रह्मचारी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। स्व. राम बहादुर सिंह बाहुबली आनंद मोहन के दादा थे। इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि आनंद मोहन और उनकी पत्नी लवली आनंद का अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने आज इस अवसर पर आने का मौका दिया। आपको मालूम है न, हमलोगों का दोस्ती कैसा था? मुझे आज खुशी हुई कि इन्होंने इस अवसर पर बुला लिया। स्व. रामबहादुर सिंह और स्व. पद्मानंद सिंह को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामबहादुर बाबू का जन्म 1901 ई0 में हुआ था और उनकी मृत्यु 1950 ई0 में हो गई थी। रामबहादुर बाबू स्वामी सहजानंद सरस्वती जी के संपर्क में 1919 ई0 में आए और अंग्रेजों द्वारा लाए गए काले कानून रॉलेट एक्ट का विरोध करते हुए अपनी गिरफ्तारी दी थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के असहयोग आंदोलन को सफल बनाने के लिए रामबहादुर बाबू 1920 ई0 में सैकड़ों लोगों के साथ मिलकर कोसी सेवक दल का गठन किया और कोसी क्षेत्र में विदेशी कपड़ों का बहिष्कार किया तथा खादी ग्राम उद्योग की शुरूआत की। 1925 ई० में जब गांधीजी बिहार आए थे और पूर्णिया, अररिया, फारबिसगंज आदि जगहों पर गए तो भ्रमण के दौरान रामबहादुर बाबू उनके साथ रहे थे। 1930 ई0 में उन्होंने गांधीजी के नमक सत्याग्रह आंदोलन में भी भाग लिया। रामबहादुर बाबू ने बापू से प्रेरणा लेकर लोगों को नशा से दूर रहने का आहवान किया था। आज आप सब यहां उपस्थित हैं मैं यहां आपलोगों से भी कहना चाहता हूं कि बापू की बातों को याद रखें और लोगों को नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करते रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामबहादुर बाबू के पुत्र पद्मानंद सिंह ब्रह्मचारी' जी ने भी 1942 ई के भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया था। पद्मानंद सिंह जी का जन्म वर्ष 1921 में और मृत्यु वर्ष 2016 में हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति अपनी जगह है, आनंद मोहन जी से मेरा पारिवारिक संबंध है।

सीएम ने कहा कि कुछ लोग देश के इतिहास को बदलना चाहते हैं लेकिन हम सबको सचेत रहना है। सभी लोग नयी पीढ़ी को इतिहास के बारे में बताते रहिए और उन्हें महापुरुषों के कार्यों एवं उनके योगदान के बारे में प्रेरित करते रहें।

### मेरी रिहाई में नीतीश कुमार की बड़ी भूमिका रही: आनंद मोहन

इस मौके पर आनंद मोहन ने नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपने अंदाज में तारीफ करते हुए कहा कि मेरी रिहाई के लिए बिहार की जनता ने पूजा पाठ किया, आंदोलन किया, धरना प्रदर्शन किया। जो भी लोकतांत्रिक तरीके से हो सकता था, प्रयास किया लेकिन इन सबसे से महत्वपूर्ण जो भूमिका नीतीश कुमार ने रिहाई के लिए उठाई उसे मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। आनंद मोहन ने मंच से नीतीश कुमार की तरफ देखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने आपके भाई आनंद मोहन को रिहा करने के लिए कानून में तब्दीली किया, जिसकी वजह से आपका भाई रिहा हो पाया। आनंद मोहन ने कहा कि मैं आपके बीच खड़ा हूं और मुझे कहने में किसी भी तरह का कोई गुरेज नहीं है कि मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कारण आपके सामने खड़ा हूं। आनंद मोहन ने मंच पर मौजूद जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह की खूब तारीफ की।

# लालू प्रसाद के बयान पर गर्माई सियासत, अब जदयू ने दी सफाई

**केटी न्यूज/पटना**

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को लेकर आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के दिए गए बयान पर सियासत गरमा गई है वहीं, इस बयान पर जेडीयू के मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हमको नहीं लगता कि जेल से फोन किए होंगे। बोलने में स्लिप ऑफ टंग हुआ होगा। बात हुई होगी। जेल से फोन करना संभव नहीं है। सोनिया गांधी से उनकी बात किसी समय हुई होगी। अशोक चौधरी ने कहा कि लालू यादव की उम्र भी हो गई है। बड़ा ऑपरेशन हुआ है। कभी-कभी याददाश्त भी मिस कर जाता है। लंबे समय जेल में रहे हैं तो स्लिप ऑफ टंग हुआ होगा।

वहीं, अशोक चौधरी ने कांग्रेस के श्रीकृष्ण सिंह जयंती समारोह में नीतीश कुमार को नहीं बुलाए जाने पर भी सफाई दी। उन्होंने कहा कि आरजेडी-कांग्रेस में पुरानी दोस्ती रही है। जेडीयू का तो हाल में ही तालमेल हुआ है। जेडीयू तो पिछला चुनाव दूसरी पार्टियों के साथ लड़ी थी।

**लालू यादव ने कही थी ये बातें:** बता दें कि कांग्रेस द्वारा गुरुवार को श्रीकृष्ण सिंह की जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में लालू प्रसाद यादव, मीरा कुमार, शकील खान, मदन मोहन झा सहित कई राजनीतिक दिग्गज शामिल हुए। वहीं, लोगों को संबोधित करते हुए लालू यादव ने कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश सिंह को उन्होंने ही जेल के भीतर से सेटिंग कर सांसद बनाया था। लालू यादव ने कहा कि अखिलेश सिंह किसी अन्य नेता की पैरवी लेकर उनके पास रांची के होटवार जेल आए थे। तब लालू ने अखिलेश को कहा था कि कोई दूसरा व्यक्ति सांसद बने उससे बढ़िया है तुम ही सांसद बन जाओ। अखिलेश यादव को राज्यसभा सांसद बनवाने के लिए उन्होंने जेल से ही कांग्रेस सुप्रीमो सोनिया गांधी को फोन किया था।

# सख्ती: 20 लाख से अधिक छात्रों के नाम रजिस्टर से हटे

- बिहार के सरकारी स्कूलों में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने उठाया बड़ा कदम

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के सरकारी स्कूलों ने अनुपस्थित रहने के कारण 20 लाख से अधिक छात्रों के नाम रजिस्टर से हटा दिए हैं। साथ ही 1.5 लाख से अधिक छात्रों की बोर्ड परीक्षा छूटने का खतरा है। अधिकारियों ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाए और योग्य छात्रों को लाभ दिया जाए। अधिकारियों ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य लंच योजना को व्यवस्थित करने में मदद और यह सुनिश्चित करना भी है कि स्कूल प्रबंधन भोजन के समय छात्रों की गलत उपस्थिति न बनाए। हालांकि शिक्षक संघों ने सरकार के इस कदम को मनमाना और शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन बताया है। उन्होंने कहा कि वे इस फैसले को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के समक्ष चुनौती देंगे।

बिहार शिक्षा विभाग के निर्देश के तहत पिछले चार महीनों से सरकारी स्कूलों में निरीक्षण हो रहा है। उस दौरान, स्कूलों को सबसे पहले 30 दिनों की अवधि के लिए अनुपस्थित रहने वाले छात्रों का पंजीकरण रद्द करने के लिए कहा गया था। फिर इस अवधि को घटाकर 15 दिन कर दिया गया और अब स्कूलों को उन छात्रों के नाम काटने की अनुमति दे दी गई जो स्कूल अधिकारियों को सूचित किए बिना लगातार तीन दिनों तक अनुपस्थित थे।

शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य के 38 जिलों के 70,000 से अधिक स्कूलों ने अब तक कक्षा 1 से 12 तक नामांकित 20 लाख छात्रों के नाम स्कूल रोल से काट दिए हैं। इन 20 लाख में से 1.5 लाख से अधिक कक्षा 10 और 12 में हैं। सोमवार को बिहार माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने राज्य के क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक और जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कक्षा 10 और 12 जिन छात्रों के नाम हटा दिए गए हैं, वे बिहार स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा नहीं देंगे।

# छपरा में प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर पथराव के बाद बवाल

- 6 लोग जख्मी, 10 हिरासत में, डीएम-एसपी कर रहे कैंप
- धार्मिक स्थल के पास गाना बजाने को लेकर हुआ विवाद

**केटी न्यूज/छपरा**



बिहार के बेगूसराय, औरंगाबाद के बाद छपरा में दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस पर पत्थरबाजी की घटना के बाद भारी तनाव की स्थिति बन गई है। घटना भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नई बाजार की है। सुबह करीब साढ़े चार बजे प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुटों में झड़प हो गई। छत के ऊपर से दो पत्थर चलाए गए उसके बाद दोनों से लोग भड़क गए। इस घटना में छह से अधिक लोग जख्मी हो गए जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी का इलाज चल रहा है। दो गुटों के बीच तनाव को लेकर पुलिस कैम्प कर रही है। डीएम एसपी खुद इलाके में जमे हैं। दस लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बताया जा रहा है कि देर रात प्रतिमा विसर्जन का जुलूस निकला। एक धार्मिक स्थल के पास गाना बजाने को लेकर विवाद हुआ। इस पर कहा सुनी देखते देखते पत्थरबाजी में बदल गई। आरोप है कि जुलूस के साथ चल रही पुलिस पीछे हट गई। दोनों ओर के लोगों ने बवाल किया। पत्थर चलाए गए जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचा दिया। घटना की सूचना मिलते ही भगवान बाजार थाना पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच गई। डीएम संतोष कुमार, एसपी डॉ गौरव मंगला, सदर एसडीओ संजय राय भी तुरंत पहुंच गए और दोनों ओर के लोगों को हटा दिया। उसके बाद पुलिस की देखरेख में प्रतिमा विसर्जन जुलूस को आगे ले जाया गया। प्रशासन ने अपनी देखरेख में विसर्जन कराया।

### सोशल साइट्स पर दो दिनों के लिए रोक

छपरा में हुए भारी उपद्रव के बाद सोशल साइट्स सेवा को बंद कर दिया गया है। सारण के एसपी और डीएम की रिपोर्ट पर गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। छपरा शहर समेत अनुमंडल क्षेत्र में 27 से लेकर 29 अक्टूबर की शाम 6:00 बजे तक इंटरनेट सोशल साइट्स सेवा को बंद कर दिया गया है।



# जन अदालत में लोगों ने होल्डिंग टैक्स पर रोक लगाने के लिए बुलंद की आवाज

- डुमरांव में होल्डिंग टैक्स के खिलाफ सामाजिक मंच ने लगाया था जन आदालत
- होल्डिंग टैक्स वसूली में नगर परिषद पर मनमानी करने का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नगर परिषद के द्वारा मनमाने ढंग से वसूले जा रहे होल्डिंग टैक्स की वसूली के विरोध में गुरूवार को समाजिक मंच ने छठिया पोखरा के समीप जनता की अदालत कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता बैजनाथ सिंह व संचालन समाजिक कार्यकर्ता अमित कुमार ने किया। संचालन करते हुए अमित कुमार ने कहा कि 2017 से ही होल्डिंग टैक्स की वसूली में नगर परिषद मनमानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 तथा 2023 के चुनाव खासकर इसी मुद्दे पर हुआ है और चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

वहीं वक्ताओं ने कहा कि नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा सम्पति कर लागू किया जा चुका है। होल्डिंग टैक्स सबको देना है, पर जायज तरीके से जो नगरपालिका अधिनियम 2007 के नियमों के अनुसार पारित किया गया हो।

**विवादित संस्था स्पैरो इंडिया को दिया गया है जिम्मा:** वक्ताओं ने कहा कि विवादित संस्था स्पैरो इंडिया को टैक्स वसूली की जिम्मेदारी बोर्ड की पहली बैठक (जो बंद कमरे में हुई) मे मंजूरी दे दी गई जो गलत है। कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने नगर परिषद के कई गलत कार्यो को उजागर किया जिसमें कुड़ा उठाव एवं कूडे के डंपिंग तथा निष्पादन का मुद्दा नल जल सप्लाई का मुद्दा अहम रहा जिसपर अच्छी-खासी राशि टेक्स के रूप जनता से वसूली भी की जा रही है।

**चेहरा देखकर काटा गया है रसीद : प्रदीप शरण-** समाजिक मंच के संयोजक प्रदीप शरण अपने संबोधन मे बिहार सरकार के गजट एवं विभाग द्वारा काटे गए होल्डिंग टैक्स की रसीद में कई गलतियों को जनता के सामने रखा। जिसमें यह भी आरोप लगाया कि चेहरा देखकर भी रसीद काटा गया है। इस सभी मामलों में जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाया गया। मंच के द्वारा यह भी बताया गया कि जनता को जगाने के लिए सामजिक मंच के द्वारा यह तीसरी बैठक है और 35 वार्डो मे यह कार्यक्रम किया जाएगा और जबतक जायज एवं नियमों के अनुसार होल्डिंग टैक्स की वसूली नहीं की जाएगी तबतक इन मुद्दों पर जंग जारी रहेगा।

## खबरें फटाफट

### हथियार के साथ युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**बक्सर।** नगर थाना पुलिस ने शहर के सोहनी पट्टी मोहल्ले से पिस्टल के साथ एक युवक को पकड़ लिया। युवक से पूछताछ के बाद कानूनी कार्रवाई के लिए कोर्ट में प्रस्तुत किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने युवक को जेल भेज दिया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम नगर थाना पुलिस गश्ती कर रही थी। साथ ही वाहन जांच कर रही थी। उसी दौरान सूचना मिली की एक लड़का हथियार के साथ सोहनीपट्टी मोहल्ले में घुम रहा है। पुलिस ने तत्काल छापेमारी की और युवक को पकड़ लिया। तलाशी के क्रम किशोर के पास से एक पिस्टल और एक गोली बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि युवक पुलिस को देख भागने लगा। शक के आधार पर युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़ा गया युवक पीपी रोड का रहने वाला दानिश अफताब आलम है।

### 45 लीटर शराब के साथ किशोर धराया तस्कर फरार

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज पश्चिमी रेलवे क्रासिंग के पास से 45 लीटर देशी शराब के साथ एक किशोर को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मुख्य तस्कर पुलिस को चकमा देकर भाग निकला है। पुलिस ने उसकी बाइक भी जब्त कर ली है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो तस्कर एक बाइक पर शराब की खेप लेकर डिलेवरी देने जा रहे है। इस सूचना पर सुबह में पश्चिमी क्रासिंग के पास घेराबंदी की गई। इसी दौरान दोनों एक बाइक पर बैठ आते दिखाई दिए। बाइक पर प्लास्टिक की एक बोरी में छिपाकर शराब रखा गया था। पुलिस को देखते ही मुख्य तस्कर फरार हो गया। जबकि किशोर पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उनके पास से 45 लीटर देशी शराब बरामद किया है। जबकि फरार तस्कर की पहचान नोनियापुरा के रोहित कुमार के रूप में की गई है।

### किशोरी गायब, मां ने दर्ज कराया केस

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी गायब हो गई है। इस मामले में किशोरी की मां ने अपने घर के पीछे रहने वाले एक युवक तथा दो अन्य लोगों पर शक जाहिर किया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता ने बताया है कि उसकी पुत्री 19 अक्टूबर को ही घर से सामान खरीदने निकली थी, लेकिन लौट कर नहीं आई। काफी देर होने के बाद मैने खोजबीन शुरू की तथा संभावित जगहों तथा रिश्तेदारों तक से पूछताछ की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। किशोरी की मां ने बताया है कि उसकी बेटी घर के पीछे रहने वाले एक लड़के से बात करती थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि वह प्रेम प्रसंग में घर छोड़ गायब हुई है।

## कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव गांव का रहने वाला था नाबालिग

# गैंगरेप के आरोपी की बाल सुधारगृह में संदेहास्पद स्थिति में मौत, थाना का घेराव





- परिजनों का आरोप- डुमरांव विधायक डॉ अजित कुशवाहा ने साजिश कर नाबालिग को भेजवाया था जेल
- परिजनों ने न्यायिक जांच की मांग की
- परिजन बोले- पुलिस ने उसकी पिटाई की थी, जिससे उसके सीने में दर्द था

**केटी न्यूज/डुमरांव**

13 अक्टूबर को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र की एक किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में जेल गए नाबालिग आरोपी की औरंगाबाद बाल सुधार गृह में संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। घटना बुधवार देर शाम की है। इसके बाद बाल सुधार गृह प्रशासन द्वारा बिना परिजनों की उपस्थिति में ही उसका पोस्टमार्टम करा दिया गया। जिसके बाद परिजनों ने बाल सुधार गृह प्रशासन विधायक पर साजिश रचने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच एसपी या ज्यूडिशीयल मजिस्ट्रेट से कराने की मांग पर गुरूवार को कृष्णाब्रह्म थाने का घेराव किया। परिजनों का आरोप था कि उसे इस मामले में बेवजह फंसाया गया था तथा डुमरांव विधायक डा अजित कुशवाहा द्वारा साजिश कर उसे जेल भेजवाया था।

परिजनों का कहना था कि पुलिस जब उसे पकड़कर ले गई थी तो उसकी पिटाई की थी। जिससे उसके सीने में दर्द था। लेकिन न तो बक्सर पुलिस ने और न ही औरंगाबाद बाल सुधार गृह प्रशासन ने उसका इलाज करवाया। मृतक अरियांव के सुरेश सिंह का 17 वर्षीय पुत्र सुंदरम सिंह है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को ही उसकी चाची नीलू सिंह उससे मिलने औरंगाबाद गई थी। शाम करीब तीन बजे उससे मिलने के बाद वह वापस अरियांव के लिए लौट गई। तब सुंदरम ने बताया था कि पुलिस की पिटाई से उसके सीने में दर्द हो रहा है लेकिन उसका इलाज नहीं करवाया जा रहा है। इधर चाची अभी बिक्रमगंज तक ही पहुंची थी कि बाल सुधार गृह प्रशासन द्वारा उसे फोन कर बताया गया कि सुंदरम ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। वही परिजनों के औरंगाबाद जाने के पहले ही उसका पोस्टमार्टम करा दिया गया था। जिससे परिजनों को उसकी मौत पर संदेह पैदा हो रहा है।

### पूरी घटना को समझिए

कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र की एक किशोरी के साथ 13 अक्टूबर को दो लड़को ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। इसकी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने आरोपियों को खुद ही पकड़ पुलिस को सुपुर्द किया था। जिसमें पुलिस ने एक आरोपी सुंदरम को बाल सुधारगृह औरंगाबाद भेजा था। जहां बुधवार की शाम आरोपी किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### परिजन बोले... गलत तरीके से फंसाया गया

घटना के संबंध में मृतक के चचेरे भाई गोविंद सिंह ने कहा कि उसे गलत तरीके से डुमरांव विधायक द्वारा फंसाया गया था। जिसके बाद पकड़े जाने पर चाची नीलू सिंह जेल में जाकर मिली थी। जब वह रास्ते में लौट रही थी उसी दौरान खबर मिली कि उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। गोविन्द ने बताया कि हमारे भाई को डुमरांव विधायक अजीत कुशवाहा द्वारा पुलिस से मिलकर जानबूझकर फंसाया था। उसके साथ मारपीट भी की गई थी। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। यह आत्महत्या नहीं हत्या है। वहीं परिजन रामजी सिंह समेत अन्य ने भी इस तरह के आरोप लगाएं है।

### हैंगिंग के वीडियो की मांग पर घेरा थाना

बाल सुधार गृह में किशोर की मौत के बाद परिजन काफी आक्रोशित थे। परिजनों ने कृष्णाब्रह्म थाने का घेराव किया। इस दौरान परिजन स्थानीय प्रशासन, विधायक तथा बाल सुधार गृह औरंगाबाद प्रशासन पर कई संगीन आरोप लगा रहे थे। परिजनों ने उसके फांसी पर लटकने तथा पोस्टमार्टम का वीडियो मांगा है। वहीं परिजनों के पहुंचने के पहले ही पोस्टमार्टम कराए जाने पर सवाल उठाया है।

### क्या कहते हैं एसपी

उक्त किशोर किशोरी से गैंग रेप का आरोपी था। परिजनों की शिकायतों की जांच करवाई जा रही है। परिजनों के द्वारा किसी के खिलाफ नामजद शिकायत नही किया गया है। **- मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

## एक नजर

### नदी में पानी भरने गई किशोरी का अपरहण कर तीन युवकों ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**बक्सर।** राजपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग का अपहरण कर तीन युवकों गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सूत्रों के अनुसार 25 अक्टूबर को किशोरी प्रतिदिन की तरह कर्मनाशा नदी के सटे खेत में काम करने गई थी। काम के दौरान ही वह कर्मनाशा नदी से पानी लाने गई। इसी दौरान तीन युवकों ने उसके कर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इधर जब वह काफी देर तक नहीं लौटी तो परिजनों ने अपने स्तर से खोजबनी की तथा पुलिस को सूचना दी। उसके डूबने की आशंका में पुलिस व गांव के लोगों ने आसपास खोजा पर नहीं मिली। तभी गुरूवार की अहले सुबह वह खेत में बेसुध अवस्था में पाई गई। जिसके बाद पुलिस व परिजन चौसा पीएचसी ले गए जहां ईलाज कराया। उसके बाद उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां लड़की होश में आने के बाद गांव के तीन युवकों के द्वारा दुर्ष्कम की बात बताई। जिसके बाद पुलिस ने लड़की को मेडिकल जांच कराया। उसके बाद कोर्ट में धारा 64 के तहत न्यायाधीश के समक्ष पीड़ित लड़की का बयान दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपियों रंजीत राजभर उर्फ बंटी, धनजी राजभर और बिट्टू चौधरी शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### बाइक में आग लगने से लाखों का नुकसान

**केसठ।** स्थानीय शिवपुर पश्चिमी गांव में गुरुवार की रात एक दलान में रखे दो बाइक में आचनक आग लग जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद बाइक में लगी आग पर काबू पाया गया। हालांकि बाइक पूरी तरह से जल कर क्षतिग्रस्त हो गई है। साथ ही दलान में रखे उपला एवं कृषि संबंधित सामान भी जल कर खाक हो गए है। घटना के बाद बाइक ऑनर अशोक साह ने इसकी मौखिक सूचना वासुदेवा ओपी पुलिस को दी। पीड़ित बाइक ऑनर के अनुसार उनकी दलान में दो हीरो पैशन प्रो बाइक खड़ी थी। जिसमें एक उनकी तथा दूसरी बाइक उनके रिश्तेदार की थी। आधी रात को दलना में खड़ी बाइक में आग के लपटे उठने लगी। उसी समय पड़ोसी अपने घर बाहर निकला तो देखा कि दलान में आग की लपटें उठ रही है। इसके बाद वह शोर मचाने लगा। शोर सुन कर पीड़ित बाइक ऑनर के साथ ग्रामीण दलान के पास पहुंचे। इसके बाद ग्रामीणों ने घरेलू मोटर चला कर आग पर काबू पाने में जुट गए। लगभग घंटे भर प्रयास के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। इस संबंध में वासुदेवा ओपी अध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने बताया कि पीड़ित बाइक ऑनर द्वारा इस संबंध में सनहा दर्ज कराई गई है। पीड़ित ने लिखा है की किसी कारण वश बाइक के तेल टंकी लाग लग गई।जिसके कारण लाखो रुपए की क्षति हुई है।

### चौसा में लघु, सूक्ष्म व मध्यम वेंडरों को उद्यम के लिए किया गया जागरूक

**चौसा।** शुक्रवार को बक्सर ताप विद्युत परियोजना ने सतर्कता विभाग के सहयोग से परियोजना स्थल पर लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम वेंडरों के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार गर्ग, मुख्य वित्तीय अधिकारी अभय शंकर शुक्ल व राकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। समारोह में परियोजना क्षेत्र एवं जिले के प्रतिष्ठित संवेदकों एवं छोटे और मझौले ठेकेदारों को आमंत्रित किया गया था। कार्यकारी अधिकारी ने इसके उदेश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भारत सरकार (पीआईडीपी प्रणाली) के तहत भ्रष्टाचार के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को समझना है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को देश के सकल घरेलू उत्पाद को मजबूत करने, रोजगार सृजन, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने आदि के लिए व्यापारिक कार्यों में पारदर्शिता आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम उद्यमियों को विकसित करने तथा विक्रेताओं का समूह तैयार करने के प्रति एसटीपीएल की प्रतिबद्धता पर बल देते हैं, जो समग्र रूप से समाज के लिए आर्थिक उपयोग का निष्पादित कर सकते है। मौके पर विषय वस्तु की बेहतर समझ के लिए आधुनिक संचार माध्यमों (ऑडियो विडियो) से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। उद्यमियों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया और बताया गया कि किस तरह आधुनिक कार्यप्रणाली में लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमी अपना योगदान कर स्वयं एवं देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते है। ई-मार्किट प्लेस, जी ईएम यो प्लेटफार्म पर पंजीकरण पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर आमंत्रित संवेदकों एवं ठेकेदारों के प्रों एवं जिज्ञ-ासा का समाधान विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। इस विषय से संबधित समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया गया।

### चौसा में उज्जवला योजना के तहत 15 लाभुकों के बीच वितरित किया गया मुफ्त गैस कनेक्शन



**चौसा।** शुक्रवार को चौसा के इंडेन गैस के ग्रामीण वितरक ने उज्जवला योजना के तहत 15 चयनित लाभुकों के बीच मुफ्त गैस सिलेंडर का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चौसा नप के मुख्य पार्षद किरण देवी, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह विकास राज ने अपने हाथों 15 लाभार्थियों के बीच वितरण किया। मौके पर एजेंसी के प्रोपराइटर छठु लाल रजक ने मुफ्त गैस कनेक्शन पाने वाले लाभुकों को सुरक्षा कार्यशाला के तहत गैस के सुरक्षित उपयोग के संबंध में कई आवश्यक जानकारियां दी, साथ ही योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना भारत को धुंआ मुक्त, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य संवर्द्धन के साथ सफलतम योजना में से एक है। उन्होंने बताया कि इस योजना के पात्रता के लिए वैसे राशन कार्ड धारी जिनको अभी तक पहले से कोई गैस कनेक्शन नहीं होना चाहिए साथ ही लाभार्थी का बैंक पासबुक, दो फोटो, मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से चाहिए। इस मौके पर मुफ्त गैस कनेक्शन पाने वाली लाभान्वित अंजलि कुमारी, धनमुना देवी, उर्मिला कुमारी, प्रिया देवी, अमृता देवी ने कहा कि अब घर की महिलाओं व घर भी धुंआ से बचेगा।



# डुमरांव में बेखौफ ट्रैक पार करते हैं यात्री

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दीपावली व छठ पर्व को लेकर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गयी है। ट्रेन पकड़ने के लिए काफी तादाद में रेल यात्री बेखौफ होकर रेलवे ट्रैक पार कर ट्रेनों में चढ़ते-उतरते है। ऐसी स्थिति में हादसों का डर बना रहता है। यात्रियों द्वारा रेल नियमों की अनदेखी तथा रेल प्रशासन की उदासीनता किसी दिन बड़े हादसें का कारण बन सकती है।

बताया जाता है कि स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने वाले यात्री ओवरब्रिज का प्रयोग नहीं कर आसान रास्ता अपनाते हुए ट्रैक पार करते है। ऐसे लोगों की लापरवाही हादसे को दावत देती है। यात्री कहते है कि संकीर्ण ओवरब्रिज पर चढ़ने-उतरने से ट्रेन छूटने का भय बना रहता है और स्टेशन पर आने-जाने के लिए यात्री रेल ट्रैक पार करना पसंद करते है। हालांकि रेल यात्रियों से रेल लाइन पार नहीं करने का रेल प्रशासन अपील करता है। बावजूद यात्री नियमों की अनदेखी करते हैं और जान-माल की परवाह किये बगैर रेलवे ट्रैक पर बैठ कर ट्रेन आने की इंतजार भी करते है। ऐसी स्थिति में रेल पुलिस ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं करती, जिससे इनका हौसला बढ़ जाता है।

रेलवे द्वारा ट्रेन की पटरियां पार करने के खिलाफ कई बार जागरूकता अभियान चलाया गया लेकिन विभाग के इस अभियान को नजरअंदाज कर देते है और कई बार ट्रैक पार करते यात्री हादसे के शिकार बन जाते है। यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह कहते है कि ट्रैक की घेराबंदी करने के लिए कई बार डिवाइडर लगाने के लिए रेल विभाग से मांग की गयी है लेकिन विभाग इस मामले में उदासीन बना है।

## नगर परिषद के साधारण बोर्ड की बैठक संपन्न, 19 सूत्री प्रस्ताव पर हुई चर्चा

# डुमरांव नगर परिषद् के वार्ड नं 01 से 16 तक लगाई जाएगी स्ट्रीट लाईट

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शुक्रवार को डुमरांव नगर परिषद बोर्ड की सधारण बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन सुनीता गुप्ता व संचालन ईओ अनिरूद्ध प्रसाद ने किया। बैठक में कुल 19 सूत्री प्रस्ताव पर चर्चा की गई तथा कई योजनाओं को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक के प्रस्ताव की संपुष्टि के साथ हुई। वहीं इस दौरान अनुमंडल व्यवहार न्यायालय में पार्क निर्माण पर विचार, नप के वार्ड नं 33 स्थित सर्किट हाउस अतिथि गृह भवन का मरम्मती रंग रोगन, नगर परिषद् कार्यालय के छत मरम्मती समेत कई अन्य विषयों पर बारी बारी से चर्चा की गई। बैठक में नप कैम्पस में नाली निर्माण कराने पर स्वीकृति नगर परिषद वार्ड नं 01 से 16 तक स्ट्रीट लाईट लगाने, नाली गली योजना का प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार, वार्ड 27 में सुरत राय पोखरा एवं वार्ड 33 में महाकाल मंदिर के पास घाट का निर्माण एवं सिमरी मेन रोड में भैसहा नदी में घाट निर्माण की स्वीकृति बोर्ड से ली गई। जल-जीवन हरियाली योजना के तहत नगर परिषद बचे हुए कुओं का उड़ाही एवं जीर्णोद्धार पर विचार किया गया। सभी वार्डो में नल जल योजना के क्षतिग्रस्त पाईप पम्प एवं नल की मरम्मती एवं रोड़ रिस्टोरिंग पर चर्चा हुई। नए हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन पर विचार एवं नगर परिषद कार्यालय के बाउन्ड्री वाल के सटे हुए खाली पर मिट्टी भराई चार दीवारी एवं सैंड निर्माण का स्वीकृति, कोरोना काल का सफाई कर्मियों का वेतन भुगतान पर विचार तथा कच्ची नाली-गली निर्माण पर चर्चा की गई। विस्तारित क्षेत्र को बिजली की दूधिया रोशनी से जगमगाने तथा छठ महापर्व के मौके पर सभी छठ घाटों पर चकाचक सफाई कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपमुख्य पार्षद विकास ठाकुर, सशक्त स्थाई समिति के धनजी कुमार, विजय कुमार, शाहिना खातून के अलावे कई अन्य वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

### बक्सर में लापरवाही पर ईओ ने सफाई एजेंसी की राशि भुगतान में एक प्रतिशत कटौती की

**बक्सर।** बक्सर नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम प्रतिदिन वार्डो की औचक निरीक्षण कर रही है। शुक्रवार को भी उन्होंने नगर के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया। लगातार की जा रही निरीक्षण में नप ईओ ने सफाई से अपनी असंतुष्टि जताई है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण व मानके के अनुरूप सफाई कार्य नहीं पाए जाने पर सफाई एनजीओ को भुगतान की जाने वाली राशि में एक प्रतिशत की कटौती की है। बता दें कि बक्सर नगर परिषद क्षेत्र में शिवम जन स्वास्थ्य एवं सर्वांगींण विकास द्वारा सफाई करवाया जा रहा है। नगर को स्वच्छ बनाने के लिए लगातार प्रयास कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा किया जा रहा है। इनकी पहल के कारण ही नगर परिषद बक्सर स्वच्छता के मामले में पहले पायदान पर पहुंचने की लगातार कवायद में जुटा हुआ है। वहीं बेहतर स्वच्छता की व्यवस्था को लेकर नगर की प्रतिदिन कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इन दिनों कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद बक्सर क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डों, वाणिज्य क्षेत्रों, मुख्य सड़कों का औचक निरीक्षण प्रतिदिन प्रातः काल में किया जा रहा है। शुक्रवार को निरीक्षण के क्रम में सफाई में प्रतिनियुक्त कोई भी सफाई मित्र अपनी पूर्ण वेश में नहीं पाया गया तथा साफ सफाई में भी कमी पाई गई।

# विजयादशमी महोत्सवः 14 वर्षों बाद भरत से मिल छलकी श्रीराम की आंखें

❒ रामलीला में भरत मिलाप का हुआ मंचन, निकाला गया भव्य जुलूस

**केटी न्यूज/बक्सर**



रामलीला समिति के तत्वावधान में चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के बीसवें दिन गुरुवार को देर रात्रि नगर के मध्य स्थित यमुना चौक पर रामलीला के प्रमुख प्रसंग भरत मिलाप का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि सबसे पहले भगवान श्रीराम का रथ नगर के कृष्णा सिनेमा रोड स्थित प्रदुमन जी के हाता से नगर भ्रमण करते हुए जमुना चौक पर मध्य रात्रि को पहुंचता है।

वहीं दूसरी तरफ स्थानीय मल्लाह टोली स्थित हनुमान मंदिर से भरत का रथ सड़क मार्ग से जमुना चौक पर पहुंचता है। जहां भरत मिलाप का दृश्य मंचित होता है। वहां दिखाया गया कि रावण को मारने के बाद प्रभु श्रीराम, अंगद सुग्रीव, विभीषण इत्यादि पुष्पक विमान पर सवार होकर अयोध्या पुरी के लिए प्रस्थान करते हैं। इधर प्रभु श्रीराम के आने की अवधि का एक दिन शेष रह जाने पर दुखी भरत मन में विचार करते हैं कि मेरे प्राणों का सिर्फ एक दिन शेष रह गया है, अगर मेरे स्वामी नहीं आते हैं तो मुझे जीने का कोई अधिकार नहीं है। मैं अपने प्राणों का परित्याग कर दूंगा। उसी समय हनुमान ब्राह्मण के वेश में भरत के पास आते हैं और उन्हें प्रभु श्रीराम के आगमन की जानकारी देते हैं। भरत गुरु वशिष्ट सहित सभी को प्रभु के आने की खबर देते हैं।

यह सुनकर नगरवासी खुशी से झूमने लगते हैं। अटारियों से प्रभु की झलक पाने को नारियां बेताब हो जाती है। भगवान की आरती व स्वागत के लिए माताएं थाल सजाने लगती है। इधर हनुमान भरत को समाचार देने के बाद प्रभु श्री राम के पास लौट कर आते हैं, और घर की कुशलता बताते हैं। श्रीराम पुष्पक विमान पर बैठे हुए बंदर और भालू को दूर से ही अपनी जन्मभूमि दिखाते हुए उसका बखान करते हैं।

### कई आकर्षक झांकी निकाली गई

भरत मिलाप के पूर्व नगर के विभिन्न पूजा समितियों द्वारा कई आकर्षक झांकी निकाली गई। भगवान राम के रथ के नगर भ्रमण के दौरान नगर वासियों द्वारा जगह जगह भगवान का पूजन, आरती और स्वागत किया गया। भरत मिलाप कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष तारकेश्वर प्रसाद सर्राफ उर्फ रामजी बाबू एवं संचालन श्री रामलीला समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश संगम ने किया। वहीं स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव बैकुण्ठ नाथ शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर एसडीएम धीरेन्द्र मिश्र ने फीता काटकर किया।

## दूर्गा पूजा के अवसर पर ठुमका लगाना पड़ा महंगा, प्राथमिकी दर्ज

**रतनी।** दूर्गा पूजा के अवसर पर डांस करना महंगा पड़ गया। शकूराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर में बाल बालाओं का डांस बिना अनुमति लिए, कराने पर प्राथमिकी दर्ज होने की बात सामने आई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिकंदरपुर में दूर्गा पूजा के अवसर पर बार बालाओं का डांस बिना अनुमति के दूर्गा पूजा समिति द्वारा कराई गई। जबकि पूजा के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा बार बालाओं का डांस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिला प्रशासन के आदेश का उलंघन करने पर रुपेश कुमार जो झारखंड के देवघर जिला में दरोगा के पद पर कार्यरत हैं, तथा 9 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वही पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि दूर्गा पूजा के अवसर पर प्रतिनियूक्त दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी के लिखित आवेदन के आलोक में पूजा समिति के अध्यक्ष तथा सचिव तथा झारखंड राज्य के देवघर जिला में दरोगा के पद पर कार्यरत रुपेश कुमार सहित 10 नामजद तथा 10/15 अज्ञात के बिरुध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बीते साल भी दूर्गा पूजा के अवसर पर डांस पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदुनी गांव के समीप की गुरुवार की रात की घटना

# बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर ट्रक ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचला

■ ब्रेकर बनाने व मुआवजा की मांग को लेकर सड़क पर उतरे गुस्साए लोगों ने किया जाम

**केटी न्यूज/आरा**



बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदुनी गांव के समीप गुरुवार की रात बेलगाम ट्रक ने सड़क पार कर रहे एक युवक को रौंद दिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृत युवक तेंदुनी गांव निवासी हरिहर साह का 26 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार गुप्ता उर्फ पिट्ठू है था। वह मुंबई में प्राइवेट काम करता था। हादसे के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और ब्रेकर बनाने की मांग को लेकर सड़क पर उतर गये। शव के साथ रोड जाम कर दिया गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह सीओ घटनास्थल पर पहुंचे। अफसरों द्वारा लोगों को समझा-बुझाकर व मुआवजे का देने का आश्वासन दिया गया। तब लोगों का शांत हुआ। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। वहीं पुलिस द्वारा युवक को रौंद को पीरो में तरफ भाग रहे ट्रक को पकड़ लिया गया। हालांकि चालक ट्रक छोड़ कर से फरार हो गया। युवक के चचेरे भाई निक्कू ने बताया कि वह 10 दिन पूर्व मुंबई से दशहरा में गांव वापस लौटा था। गुरुवार के शाम वह आपने भाई बबलू कुमार गुप्ता उर्फ पिट्ठू के साथ जलेबी खाने के लिए गांव में दुकान पर गए थे। जलेबी खाने के बाद दोनों पैदल सड़क पार कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसके भाई बबलू कुमार गुप्ता उर्फ पिट्ठू को रौंद दिया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक अपने तीन भाई और तीन बहनों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां शांति देवी,तीन बहन शोभा देवी, देवी देवी,रूबी कुमारी व दो भाई चिंटू कुमार और चंदन कुमार है।

## मखदुमपुर के सती स्थान मोहल्ला में पागल कुत्ते ने तीन लोगों को काटकर किया घायल

मखदुमपुर। शुक्रवार की सुबह नगर पंचायत मखदुमपुर के सती स्थान मोहल्ला में एक पागल कुत्ते ने मोहल्ले के तीन लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में रामकृत यादव, विकास कुमार एवं सुनील कुमार बताए जाते हैं जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह मुहल्ला निवासी सुनील कुमार मोहल्ले के गली में खड़े थे तभी एक पागल कुत्ते ने उन्हें काटकर जख्मी कर दिया साथ ही मोहल्ले में रामकृत यादव एवं विकास कुमार को भी काट कर घायल कर दिया ,घायलों को इलाज के लिए रेफर अस्पताल मखदुमपुर लाया गया ,जहा चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार किया है वहीं घटना से गुस्साए मोहल्ला वासी ने पागल कुत्ते को लाठी डांटा से मार कर मौत के घाट उतार दिया , घायल लोगों ने बताया कुत्ता पागल हो गया था जिसके कारण लोगों को काटकर घायल कर दिया है।

## एक नजर

### जिला स्तरीय प्रतिवाद दिवस आयोजित




**जहानाबाद ।** दलितों-गरीबो पर पुलिस दमन और जेल क्यों, जवाब दो उक्त नारों के आलोक में जहानाबाद मुख्यालय काको मोड़ सहित हुलासगंज बंधु गंज घोसी काको मखदुमपुर रतनी मे प्रतिवाद सभा आयोजित की गई। जहानाबाद माले कार्यालय से मार्च निकलकरजहानावाद एकगंरपथ होते हुए स्टेशन परिसर में सभा में तब्दील हो गई सभा को संबोधित करते हुए भाकपामाले के जिला सचिव रामाधार सिंह ने कहा कि गरीवो पर लगातार पुलिस दमन कभी घर उजाडेंजाने के नाम पर और कभी दारु खोजने के नाम पर दमन ढाऐ जा रहे हैं विगत वर्ष सरता गांव से गोविंद मांझी को गिरफ्तार गभींर पिटाई की गई जिससे उनकी मौत दाउदनगरजेल में हो गया था उल्टे प्रति वाद करने पर नेहालपुर सहीत सरिता गांव कर जुलम ढायागया । 19 अक्टूबर को हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत दुगार्पुर गांव में दारू खोजने के नाम पर पिटाई करते हुए बसंती देवी पति बिहारी मांझी तथा मीणा देवी पति रंजीत माझीं को गिरफ्तार किया गया वसंत देवी गर्भवती थी तथा उसके गोद में 2साल का बच्चा भी अंचल के नीचे थी उसी प्रकार मीणा देवी के गोद में 2 साल का बच्चा था पिटाई के दरमियान बसंती देवी के गोद मे रहे बच्चे फूलमती कुमारी की चोट लगी थी दोनों बच्चे के साथ दोनों माताओं को जेल मेबंद कर दिया गया 20 अक्टूबरको बसंती देवी की बच्ची फूलमती कुमारी की तबियतखराब हो गई आनंन फानन जेल प्रशासन ने 21 अक्टूबर को मां बेटी को पुलिस कस्टडी में सदर अस्पताल आया गया ज्यादा गभींर रहनेके कारण मां के साथ बच्ची को स्त्रूँ भेज दिया गया जहां बच्ची के मौत हो गई।




# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद का बहुत महत्व : चंदेश्वर

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



■ जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2023-24 का शुभारंभ

जहानाबाद जिले में माननीय सांसद, जहानाबाद चंदेश्वर प्रसाद एवं उप विकास आयुक्त श्री पारितोष कुमार के नेतृत्व में आज जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2023-24 का शुभारंभ स्थानीय एरोड्रम स्टेडियम, जहानाबाद में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2023-24 के अवसर पर माननीय सांसद महोदय का उप विकास आयुक्त ने पौधा देकर स्वागत किया। साथ ही मानस विद्यालय, थाना रोड, जहानाबाद तथा द विंग्स फाउंडेशन, जहानाबाद के छात्रों द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति कई। साथ ही शारीरिक शिक्षक श्री अमर कुमार के नेतृत्व में मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। उक्त मार्च पास्ट में जहानाबाद जिले के विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी विद्यालयों यथा- ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, जहानाबाद, प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल, जहानाबाद, जहानाबाद, कुरमा संस्कृति विद्यालय, जहानाबाद, ए.एन.एस. स्कूल, जहानाबाद सहित अन्य विद्यालय तथा एन.सी.सी. के बच्चे शामिल हुए।

सांसद ने अपने संबोधन में बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद का बहुत महत्व है तथा उनके अभिभावकों से भी बच्चों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। माननीय सांसद ने सभी खिलाड़ियों को खेल के लिए शुभकामना दिया और बताया कि खेल में माध्यम से भी अपना भविष्य बना सकते हैं। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2023-24 का आयोजन तीन दिनों तक किया जाएगा, यह खेल प्रतियोगिता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन कर राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के अवसर पर माननीय सांसद महोदय द्वारा खेल को निष्पक्षता, स्वच्छता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए शपथ दिलाया गया।

# देशी गाय के गोबर से दीया बनाने का लोगों को दिया गया प्रशिक्षण



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

रतनी जिले के रतनी प्रखंड क्षेत्र के पतियामां एवं रतनी बाजार में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत रश्मि फाउंडेशन जहानाबाद के तत्वावधान में देशी गाय के गोबर से दीपक निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गाय के गोबर से दीपक बनाने का प्रशिक्षण इन दोनों जगह के कार्यक्रम में 32 महिलाओं और पुरुषों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण को स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक सह रश्मि फाउंडेशन के सचिव अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं घर में रहकर भी गाय के गोबर से दीपक तैयार कर आत्म स्वावलंबी बन सकते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को गांव से रोजगार बढ़ाने एवं देशी गौवंश बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे गांव में आर्थिक उन्नति आएगा और स्वावलंबी अभियान सफल होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पतियामां में दक्षिणी रतनी फरीदपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश ठाकुर एवं रतनी बाजार में रतनी फरीदपुर दक्षिणी मंडल उपाध्यक्ष मिथिलेश यादव उपस्थित रहे।




### मरीजों को इलाज की अवधि के दौरान हर माह दी जाती है पोषण सामग्री

# सबसे अधिक इटाढ़ी प्रखंड के मरीजों के बीच बांटा गया पोषण कीट

■ जिले के 1897 इलाजरत टीबी मरीजों में से 208 को लिया जा चुका है गोद

**केटी न्यूज/बक्सर**



प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 2025 तक पूरे देश को टीबी से मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें निक्षय मित्र योजना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इस योजना के तहत जिले में टीबी मरीजों को गोद लिया जा रहा है। ताकि, टीबी मरीजों की पोषण की कमी को दूर करने के साथ साथ उन्हें मानसिक और सामाजिक स्तर पर संबल प्रदान किया जा सके। जिला यक्ष्मा केंद्र से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार फिलवक्त जिले में 1897 टीबी मरीज इलाजरत हैं।

जिनमें से 208 मरीजों को गोद लिया गया है। शेष टीबी मरीजों को गोद दिलवाने के लिए डीटीसी प्रयासरत है। ताकि, ज्यादा से ज्यादा टीबी मरीजों को निक्षय मित्र योजना का लाभ दिलवाया जा सके। हालांकि, इस योजना का लाभ पाने वाले मरीजों को अपनी ओर से एक कंसेंट फॉर्म जमा करना होता है। जिसमें उन्हें अपनी स्वेक्षा से इस योजना का लाभ पाने के लिए सहमति देनी होती है। जिले के 1564 मरीजों ने ही कंसेंट फॉर्म जमा किया है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, बक्सर जिले में सबसे अधिक इटाढ़ी प्रखंड में टीबी मरीजों को गोद लिया गया है।

जिनमें समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार से जिले के अन्य प्रखंडों में भी टीबी मरीजों को गोद दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र योजना के तहत टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने के लिए नियमित रूप से मुहिम के रूप प्रक्रिया चल रही है।

### इलाज के दौरान टीबी मरीजों को पोषण की जरूरत

डीटीसी के डीपीसी कुमार गौरव ने बताया, इस योजना का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों की पोषण की कमी दूर करना है। टीबी के रोगी को दवा बेहतर ढंग से काम करने के लिए अच्छे पोषण की जरूरत होती है। क्यूंकि इस बीमारी में अधिकांश लोग पोषण की कमी से जल्दी ठीक नहीं हो पाते हैं। हालांकि, सरकार से प्रति माह 500 रुपए पोषण राशि के रूप में उनके खाते में भेजी जाती है। लेकिन, बढ़ती मंहगाई के बीच उनकी पोषण की कमी को दूर करने में बाधा आ रही थी। जिसके लिए निक्षय मित्र योजना शुरू की गई। जिसके माध्यम से निक्षय मित्रों के माध्यम हर माह मरीजों को पोषण की सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।



# बीजेपी ने अनुसूचित जाति के वोटरों को जोड़ने के लिए बनाई रणनीति

❑कार्यकर्ता पूरी ताकत से पार्टी कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुट जाएं

**केटी न्यूज/मऊ**



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने यूपी में अपनी तैयारी और तेज कर दी है। उसी के क्रम में भाजपा द्वारा मद्धेशिया धर्मशाला में अनुसूचित वर्ग सम्मेलन तथा वोटर चेतना महाअभियान सम्मेलन की जिला बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि तथा वक्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष साकेत सिंह सोनू ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा के कार्यकर्ता पूरी ताकत से पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने में पूरी ताकत से जुट जाएं। मुख्य अतिथि ने आगामी सम्मेलन के निमित्त वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया तथा कहा कि पार्टी की नजर अनुसूचित जाति के वोटरों पर टिकी हुई है। बीजेपी ने अब अनुसूचित जाती के वोटरों को जोड़ने के लिए बड़ी रणनीति तैयार की है। इसके तहत प्रदेश में अनुसूचित जातियों को जोड़ने के लिए महासम्मेलन कराए जाने है, जिसमें बड़ी संख्या में इस वर्ग को जोड़ने की कोशिश की जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा की बीजेपी पिछले दो चुनाव में दलित वोटरों का विश्वास जीतने में कामयाब रही है। उज्जवला योजना, हर घर शौचालय और फ्री राशन योजनाओं समेत गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं की वजह से बड़ी संख्या में दलित वोटर बीजेपी के साथ जुड़े हैं। ऐसे में पार्टी इस वर्ग में और मजबूत पैठ करना चाहती है।

इस अवसर पर विजय राजभर श्रीराम सोनकर अशोक सिंह पूनम सरोज रामाश्रय मौर्य अजय कुमार शेषनाथ आचार्य छोटू प्रसाद कृष्णा राजभर संतोष सिंह राहुल उपाध्याय कृष्ण कांत राय सुनील यादव विनय कुमार आकाश मल्ल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा 3 को अनुसूचित जाति महासम्मेलन कराएगी

भारतीय जनता पार्टी 3 नवंबर को गोरखपुर में अनुसूचित जाति महासम्मेलन कराएगी। इस रैली में लाखों लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। इस महासम्मेलन में केंद्र या यूपी के बड़े नेता शामिल हो सकते हैं। ये महासम्मेलन गोरखपुर क्षेत्र को टारगेट करते हुए गोरखपुर में आयोजित किया जाएगा। गोरखपुर क्षेत्र में कई लोकसभा सीटें आती हैं। इस महासम्मेलन के जरिए बीजेपी इस क्षेत्र में आने वाली सभी दलित बस्तियों में संपर्क करेगी।इसमें इन सभी बस्तियों से लोगों को लाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश भर में इसी तरह कई और दलित महासम्मेलन भी किए जाएंगे।

# अनुसूचित मोर्चा के कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ता पहुंचें

**केटी न्यूज/चंदौली**

भाजपा की बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में मोर्चा सम्मेलन पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी मीना चौबे ने कहा कि इस समय मोर्चा सम्मेलन का कार्यक्रम चल रहा है उसी क्रम में 30 अक्टूबर को अनुसूचित मोर्चा महासम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मेवालाल अयोध्या प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज सोराव प्रयागराज में आयोजित उक्त सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचना है। जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह ने कहा कि इस समय वोटर चेतना का कार्यक्रम चल रहा है इसमें अधिक से अधिक युवाओं व महिलाओं का नाम जुड़वाने का कार्य करें और 30 अक्टूबर को अनुसूचित मोर्चा के कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे, जिससे कि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। अंत में भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री हरीश सिंह के निधन पर 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## खबरें फटाफट

### चार पहिया वाहन ई रिक्शा की भिड़ंत में चालक की मौत

**मऊ।** घोसी थाना क्षेत्र के पिढ़वल हाईवे के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने ई रिक्शा चालक को टक्कर मार दिया जिसमें ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि एक चार पहिया वाहन मऊ की तरफ से घोसी की तरफ आ रही थी । घोसी थाना क्षेत्र के पिढ़वल निवासी विजय गुप्ता पुत्र रामहरख गुप्ता 60 वर्ष अपना ई–रिक्शा लेकर घोसी की तरफ ही जा रहे थे, तभी घोसी थाना क्षेत्र के पिढ़वल मोड़ के पास चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें ईरिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । चार पहिया वाहन डिवाइडर को तोड़ते हुए नीचे जा गिरा । सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची घोसी पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेते हुए घायल को अस्पताल भिजवाया । जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई । सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**चंदौली।** इलिया पुलिस ने कस्बा के करवदिया मोड़ के पास से शुक्रवार को राजू राम नामक तस्कर को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस करवदिया मोड़ के पास चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी बीच एक व्यक्ति झोले में भरकर देशी शराब लेकर जा रहा था। तलाशी लेने पर 40 टेट्रा पैक अवैध देशी शराब ब्लू लाइम पायी गई। जिस पर तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी उप निरीक्षक भूपेश कुशवाहा ने बताया कि पकड़ा गया राजू राम बिहार प्रांत के कैमूर जिला अंतर्गत चांद थाना क्षेत्र के किलनी गांव का निवासी है। यूपी से शराब ले जाकर बिहार में ऊंचे दाम पर बेचने का काम करता है। जिसे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष के निधन पर जताया शोक

**चहनियां।** बाबा किनाराम इंटर कालेज रामगढ़ प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नेकनामुर निवासी कपिलदेव सिंह का हृदय गति रुकने से एक निजी अस्पताल में बुधवार दोपहर को निधन हो गया। कपिलदेव सिंह के पीछे उनकी पत्नी नगीना सिंह तथा दो पुत्र पंकज सिंह व नीरज सिंह है मृत्यु की सूचना मिलते ही बाबा कीनाराम इंटर कालेज रामगढ़ प्रबंध समिति व अध्यापकों तथा छात्र छात्राओं की शोक सभा आयोजित की गयी। जिसमे श्री कपिलदेव सिंह के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । इस दौराम प्रबंधक प्रभुनारायण सिंह लल्ला, प्रधानाचार्य विपिन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ0रमेश चंद्र पाण्डेय, रामराज राय, राकेश सिंह, शमीम अहमद, सुनील पाण्डेय, विनोद सिंह, संतोष सिंह, अरविन्द सिंह, मनोज सिंह, गणेश सिंह, जियउल्ला खा, नवीन सिंह अमरनाथ समेत सभी छात्र छात्रायें मौजूद रहे ।

## जिलाधिकारी ने किया मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ, बोले...

# 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए

❑कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कालेज के छात्र-छात्राओं को संबोधित किया

**केटी न्यूज/बलिया**



भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा मुरली मनोहर टाउन, स्नाकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कालेज के छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और जनपद के बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान 4-5 नवंबर 25-26 नवंबर और दो-तीन दिसंबर को सभी मतदान केंद्रों को कैंप लगाया जाएगा। सभी बीएलओ अपने बूथ पर मतदाता सूची और आवेदन पत्र के साथ उपस्थित रहेंगे। मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए आवेदनकर्ता आनलाइन आवेदन वेबपोर्टल पर कर सकते हैं या फिर बीएलओ के माध्यम से फार्म-6 भर सकते हैं। मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फॉर्म-7 और मतदाता सूची में त्रुटिपूर्ण नाम सुधारने और पता बदलने के लिए फार्म-आठ भरना होगा। 26 दिसंबर तक सभी प्राप्त आपत्तियों और दावों का समाधान करके 5 जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।जिलाधिकारी ने सभागार में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निदेर्शानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने भारत के संविधान के प्रस्तावना में उल्लिखित लोकतंत्रात्मक गणराज्य शब्द के बारे में बताते हुए कहा कि लोकतंत्र का मुख्य अवयव चुनाव है इसी के माध्यम से मतदाता अपने प्रतिनिधियों को चुनती है और सरकारें गठित होती हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग देश के भविष्य हैं। 18 वर्ष की उम्र पूरी करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में अवश्य होना चाहिए, इसके लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि केवल स्वयं आप वोटर बने, बल्कि परिवार, गांव, मोहल्ले, वार्ड के छूटे व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल करने की अलख जगाने का काम करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान सूची में शामिल होने से वंचित न हो सके।

### जिलाधिकारी ने पटखौली प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार की दोपहर हनुमानगंज ब्लाक के पटखौली प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों एवं अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। साथ ही एमडीएम रजिस्टर में पिछले तीन दिन के बच्चों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। प्रभारी प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में दो सहायक शिक्षक और तीन शिक्षामित्र हैं। विद्यालय में आंगनवाड़ी के बच्चों को भी शामिल किया गया है। कुल मिलाकर 74 बच्चे हैं जिसमें 42 बालिकाएं और 32 बालक हैं। निरीक्षण के दौरान कुल 30 बालिकाएं और 17 बालक उपस्थित मिले। आंगनबाड़ी के बच्चे घर चले गए थे। इसके बाद जिलाधिकारी ने पेयजल, समरसेबल बालक– बालिकाओं के लिए अलग शौचालय एवं दिव्यांगों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था है। हैंड वॉशिंग यूनिट और आरो प्लांट भी चालू था।

### अमृत कलश यात्रा वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**मऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव संचालित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा जो मऊ से चलकर लखनऊ, लखनऊ से चलकर दिल्ली तक जाने के लिए वॉलिंटियर्स एवं अमृत कलश यात्रा वाहन को मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। माटी को नमन वीरों का वंदन अमृत कलश यात्रा के अंतर्गत 01 सितंबर 2023 से 30 सितंबर तक प्रत्येक ग्राम पंचायत से हर घर से मुट्ठी भर चावल, मुट्ठी भर मिट्टी एकत्रित किया गया।

01 अक्टूबर से 13 अक्टूबर के मध्य समस्त ग्राम पंचायतो से कलश विकासखंड मुख्यालय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ एकत्रित किया गया, तथा 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के मध्य कलश प्रत्येक विकासखंड, नगर पालिका एवं प्रत्येक नगर पंचायतो से जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका कम्युनिटी हॉल में एकत्रित किया गया। 26 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश वंदन उत्सव कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर संपन्न किया गया।

# सशस्त्र सीमा बल के जवान के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज

**केटी न्यूज/बलिया**



शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने सशस्त्र सीमा बल के जवान के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शांभवी यादव की अदालत में की गयी थी। कोर्ट के आदेश पर नगरा थाने की पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल के जवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने विवेचना भी शुरू किया।

पीड़िता ने कोर्ट में दिए गए तहरीर में उल्लेख किया है कि उसकी शादी हुई थी लेकिन पति-पत्नी में संबंध ठीक ना रहने के चलते विवाह विच्छेद 2018 में हो गया। इसबीच बड़े भाई अवधेश कुमार का साला सतीश कुमार जो नगरा थाना क्षेत्र के कोठिया का निवासी है। 2018 में सशस्त्र सीमा बल में भर्ती हो गया था। भर्ती होने के बाद 2019 में जनवरी महीने में छुट्टी आने के बाद मेरे घर आया और मेरा हाथ पकड़ मुझसे कहा कि मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं मेरे द्वारा मना करने पर तथा रिश्ते की बात कहने पर कहा कि मैं फौजी का सिपाही हूं जो कहता हूं उसमें कोई अंतर नहीं है। मैं समाज और मैं किसी से नहीं डरता हूं इसके बाद मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहा। मैंने कहा कि मुझसे शादी कर लो फिर शादी शारीरिक संबंध बनाना। तब उसने मेरी मांग में सिंदूर लगा दिया और कहा कि शादी विश्वास की बात है। मैं भगवान को साक्षी मानकर तुम्हारे मांग में सिंदूर लगाया हूं । आज मेरी पत्नी हो और शारीरिक संबंध बनाने दो, मैं उसके इस बात पर विश्वास करके शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वे लगातार संबंध बनाती रही। इसबीच दो बार गर्भवती हुई, जिसे सतीश कुमार ने द्वारा कल छपट करके बच्चा खराब करा दिया गया। बार-बार कहती रही कि मुझे विदा कराकर अपने घर ले चलो लेकिन वह बार-बार टालमटोल करता रहा।

30 मई 2023 को सतीश यह जानते हो कि मेरे घर पर कोई नहीं है रात में कहीं 10 बजे आया और मेरे साथ जबरदस्ती करने लगा। जब मैंने कहा कि अपने घर ले चलो तब कहा कि शादी होती है तब विदाई होती है, ना मैं तुम्हारे साथ शादी किया हूं। शादी का नाटक किया था यहै कहते हुए मेरा मुंह दबाकर बिस्तर पर गिरा दिया और मेरे साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। इस मामले में सुनवाई के बाद सीजेएम शांभवी यादव ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया था।

### हत्या का आरोपी 36 घंटे बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर

**बलिया।** बलिया जिले के दुबहर थाना क्षेत्र के शिवपुर दियर व्यासी नई बस्ती में 25 अक्टूबर की देर शाम बदमाशों ने यथार्थ विक्रम सिंह उम्र 25 वर्ष पुत्र स्व कामख्या नारायण सिंह के सिर में गोली मारकर हत्या कर दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी एस आनन्द ने टीम गठित किया था। लेकिन 36 घंटे से अधिक हो जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। जिससे पुलिस के कार्यशैली पर सवालिया निशान उठने लगा है। दुबहर थाना क्षेत्र के शिवपुर दियर व्यासी नई बस्ती निवासी यथार्थ विक्रम सिंह की अपने पाटीदार नागेश्वर सिंह से काफी दिनों से जमीन व ईंट भट्ठे का विवाद चल रहा था। इसी मामले को लेकर 25 अक्टूबर को दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इसी बीच एक पक्ष से किसी ने यथार्थ विक्रम सिंह के सिर में गोली मार दिया था।

# बकाया टैक्स वाले वाहनों पर कार्रवाई जारी, 13 का चालान




**केटी न्यूज/बलिया**

जिले में चल रहे वाहनों के बकाया टैक्स जमा कराने को लेकर परिवहन विभाग और सख्त हो गया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अरूण कुमार राय के नेतृत्व में टैक्स जमा नहीं करने वाले वाहनों को बन्द करने तथा चालान करने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। शुक्रवार को भी एआरटीओ श्री राय ने दुबहड़ क्षेत्र में प्रवर्तन कार्य करते हुए तीन ट्रक, चार मैजिक सहित कुल 13 वाहनों का चालाान किया।

उन्होंने वाहन स्वामियों से अनुरोध भी किया है कि अगर किसी का टैक्स बकाया है तो समय से जमा कर दें। इसके लिए कार्यालय रविवार को खुला रहेगा। अन्यथा की स्थिति में प्रवर्तन कार्य के दौरान वाहन चालान करने के साथ जब्त करने की कार्रवाई होगी। बताया कि दिसम्बर महीने के पहले सप्ताह में और ब्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गयी है। इसलिए वाहन स्वामियों को अगर कार्रवाई से बचना है तो तत्काल बकाया टैक्स जमा कर दें।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता: इच्छुक कलाकार 6 नवंबर तक पंजीकरण करायें

**मऊ।** जिला युवा कल्याण अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव के अन्तर्गत सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।

जनपद स्तरीय युवा उत्सव में राष्ट्रीय युवा उत्सव हेतु निर्धारित विधाओं लोकनृत्य समूह, लोकनृत्य व्यक्तिगत/एकल, लोकगीत समूह, लोकगीत व्यक्तिगत / एकल, कहानी लेखन, पोस्टर बनाना, शब्दपांडित्य, फोटोग्राफी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सभी विकास खण्डों के अतिरिक्त समस्त विद्यालयों महाविद्यालयों, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय शिक्षण संस्थाएं तथा उपर्युक्त कार्य से जुड़ी हुई निजी संस्थाओं के साथ ही साथ शहरी व ग्रामीण कलाकार जिनकी उम्र दिनांक 01 जनवरी, 2024 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होगी।

## निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत

# वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए कराएं पंजीकरण





**केटी न्यूज/चंदौली**

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अभियान शुक्रवार को शुरू हुआ। इसका शुभारंभ कमलापति त्रिपाठी स्नाकोत्तर राजकीय महाविद्यालय में किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी फुंडे व विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी अभय कुमार पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टी फुंडे ने कहा कि 01 जनवरी 2024 को जो युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है और जिनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है वे मतदाता सूची में अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। 27 अक्टूबर से लेकर 09 दिसम्बर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व कटवाने एवं स्थान परिवर्तन के लिए दावे व आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। कहा कि जेन्डर रेसियों ठीक कराने के लिए महिलाओं को मतदाता बनने के लिए विशेष बल दिया जा रहा है तथा 18 व 19 वर्ष के युवाओं को वोटर बनाने के लिए विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने सभी से सहयोग करने की अपील की। एडीएम ने बताया कि मतदाता बनने हेतु आवेदन ऑनलाइन या आफ लाइन बीएलओ के पास जमा कराना होगा। वोटर सर्विस पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर मतदाता बनने के लिए फार्म-6 भरकर आनलाइन आवेदन कर सकते है।



## खबरें फटाफट

### ट्रेन में चढ़ने के दौरान यात्री गिरकर घायल

**पीडीडीयू नगर।** सिकंदराबाद से पटना जा रही 12791 डाउन ट्रेन में चढ़ने के दौरान लड़खड़ा कर गिर जाने से एक यात्री का पैर टूट गया। जिसे रेलवे सुरक्षा बल ने उपचार के लिए लोको मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। सिकंदराबाद से पटना जा रही 12791 डाउन ट्रेन में प्लेटफार्म संख्या दो पर आकर खड़ी हुई। अपने निर्धारित ठहराव के बाद सिग्नल मिलने पर ट्रेन आगे बढ़ने लगी। इसी दौरान एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगा।पैर फिसल जाने से वह गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल यात्री अनमोल कुमार 21 वर्ष ग्राम पहाड़िया थाना अगम कुवा पटना बिहार का है। आरपीएफ ऑन ड्यूटी एस आई आर एन राम,सहायक उप निरीक्षक उमाकांत राम व स्टाफ द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया।परिजन को सूचना दे दी गयी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



**गाजीपुर।** खानपुर थाना क्षेत्र के सिधौना में रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय 55 वर्षीय महिला की ट्रेन की जद में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। बता दें कि शुक्रवार को अधेड़ महिला की सिधौना बाजार में रेलवे लाइन पार करते समय औड़िहार से वाराणसी जा रही तेज रफ्तार ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही बाजार में हड़कंप मच गया। बाजारवासियों की सूचना पर पहुँचे उपनिरीक्षक गिरधारी मिश्रा ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की शिनाख्त शादियाबाद थाना क्षेत्र के नगीना देवी (55) पत्नी स्व. बकरूद्दीन के रूप में हुई। पुलिस के सूचना पर पहुँचे मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतका की एक बेटी रेहाना की शादी खानपुर थाना क्षेत्र के अमेहता गांव में हुई है।जिसकी तबियत पिछले एक सप्ताह से खराब चल रही थी। जिसे देखने के लिए हर उसकी माँ नगीना शादियाबाद से बस से आ जा रही थी। उधर रोज की भांति जैसे ही वह सिधौना बाजार पहुँची और रेलवे लाइन क्रॉस कर रही थी कि तभी औड़िहार की तरफ वाराणसी की ओर जा रही तेज रफ्तार ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से नगीना की मौत हो गई।

### सिंचाई करने का पाइप तोड़ा, दो पक्षों में मारपीट

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में खेत की सिंचाई के लिए बिछाई गई पाइप को तोड़ने के मामले में पुलिस ने दो महिला समेत दो पुरुषों का शांति भंग में चालान कर दिया। दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि एक पक्ष से सिकंदर और उनकी पत्नी बबीता, जबकि दूसरे पक्ष से नीलम और सोनू का आपसी मारपीट के बाद चालान किया गया।

### खंड विकास अधिकारी के तबादले से मचा हड़कंप

**गाजीपुर।** जखनियां ब्लाक के खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम का स्थानांतरण हो गया है।उनके जगह जखनियां के नए बीडीओ संजय कुमार गुप्ता ने देवकली से जखनियां का कार्यभार संभाला। साथ ही मनरेगा का समस्त कार्य डीसी देवनंदन दुबे देखेंगे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तबादला किए जाने से जखनियां ब्लाक के लोगों में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। आखिर इतनी जल्दी क्यों स्थानांतरण किया गया? यह सवाल सबके मन में कौंध रहा है।

# खुले में शौच से शत-प्रतिशत मुक्त होगा महाकुंभ क्षेत्र, बनाए जाएंगे डेढ़ लाख शौचालय

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

महाकुंभ 2025 कई मायनों में खास होने जा रहा है। मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर टीम यूपी सनातन धर्म के इस महा आयोजन को लेकर अभी से तैयारियों में जुट गई है। महाकुंभ के क्षेत्रफल में विस्तार के साथ ही योगी सरकार इस पूरे आयोजन की पवित्रता को भी अक्षुण्ण रखने पर विशेष जोर दे रही है। इसके लिए पूरे कुंभ क्षेत्र में तकरीबन डेढ़ लाख शौचालयों को स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री की मंशा है कि 2025 का महाकुंभ पूरी तरह ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) हो। 4 हजार हैक्टेयर में स्थापित किये जाने वाले पूरे कुंभ क्षेत्र को 25 सेक्टरों में बांटकर स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए सरकार की ओर से स्वच्छताकर्मियों की लंबी-चौड़ी फौज को तैनात किया जाएगा।




सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ को लेकर योगी सरकार ने तकरीबन ढाई हजार करोड़ का बजट तय किया है। इसमें पूरे कुंभक्षेत्र को अभेद्य बनाने के साथ ही साफ-सफाई को लेकर भी तगड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। सरकार कुंभक्षेत्र में स्वच्छता को लेकर 300 करोड़ से अधिक खर्च करेगी। इसके लिए 52 हजार से अधिकर सामुदायिक शौचालय, 53 हजार से अधिक शौचालय विभिन्न टेंटों में, पार्किंग और अप्रोच सड़कों पर 14 हजार से अधिक शौचालय और 20 हजार से अधिक पब्लिक यूरिनल (मूत्रालय) यानी कुल मिलकार तकरीबन डेढ़ लाख शौचालयों का निर्माण योगी सरकार करेगी।

### एप के जरिए शौचालयों की होगी निगरानी

सबसे खास बात ये कि सामुदायिक शौचालयों का 60 फीसदी सेप्टिक टैंक के जरिए इस्तेमाल होगा। वहीं 40 फीसदी शौचालयों को सोकपिट पर आधारित रखा जाएगा। इनके रखरखाव पर भी सरकार विशेष ध्यान देगी। शौचालयों के रुटीन मेंटेनेंस और क्लीनिंग के साथ ही स्वच्छताकर्मी ऐप के जरिए प्रत्येक टॉयलेट के स्टेटस को विभिन्न पैरामीटर्स पर चेक करते हुए सैनिटेशन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कंट्रोल रूम के जरिए भी शौचालयों की स्वच्छता को लेकर निगरानी की जाएगी। प्रत्येक शौचालय के बाहर लगे क्यूआर कोड के जरिए पब्लिक भी गंदे शौचालयों से संबंधित शिकायत कर सकेंगे। योगी सरकार इसके लिए वेब बेस्ड ऐप्लीकेशन भी डेवलप करेगी। साथ ही स्वच्छाग्रहियों (स्वच्छता वॉलेंटियर्स) की टीम लगातार शौचालयों की मॉनीटरिंग करेगी।

### 45 दिन के आयोजन में स्वच्छता पर फोकस

पौष पूर्णिमा (13 जनवरी 2025) से महाशिवरात्रि (26 फरवरी 2025) तक 45 दिनों के इस महाआयोजन में स्वच्छता को बरकरार रखना एक बड़ी चुनौती है। इसके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभी से तैयारियों को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया गया है। कुंभ क्षेत्र में स्वच्छता बनाये रखने के लिए योगी सरकार बड़ी संख्या में फाइबर रिइन्फोर्स्ड पॉलीमर (एफआरपी) शौचालयों को स्थापित करेगी। इनमें स्पेटिक टैंक वाले 15 हजार एफआरपी, जबकि सोकपिट वाले 10 हजार एफआरपी स्थापित किये जाएंगे।

## अदालत ने दोषी करार देते हुए पांच लाख जुर्माना भी लगाया

# एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाई गैंगस्टर मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

एमपी-एमएलए कोर्ट ने गैंगस्टर मामले में माफिया मुख्तार अंसारी को कल दोषी करार दिया था। शुक्रवार को अदालत ने उसके सजा का ऐलान कर दिया। सजा को लेकर मुख्तार ने मायूसी से कहा कि हुजूर (जज) इस मामले से मेरा कोई सरोकार नहीं है, मैं तो 2005 से जेल में बंद हूं।

माफिया मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने दस साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर पांच लाख का जुमार्ना भी लगाया है। उधर मुख्तार के सहयोगी सोनू यादव को पांच साल की सजा मिली है। सोनू पर भी कोर्ट ने दो लाख का जुमार्ना ठोका है। मऊ जनपद के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के वकील लियाकत ने कहा केस मेंटेनेबल नहीं है, हम हाई कोर्ट में अपील करेंगे और उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा। बता दें की एमपी-एमएलए कोर्ट के जज अरविंद मिश्र की अदालत ने गैंगस्टर मामले में अंसारी को कल ही दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा का ऐलान किया है। सजा को लेकर मुख्तार ने मायूसी से कहा कि हुजूर (जज) इस मामले से मेरा कोई सरोकार नहीं है, मैं तो 2005 से जेल में बंद हूं।



### गैंगस्टर एक्ट के तीसरे मुकदमे में भी मिली सजा

गाजीपुर। गाजीपुर कोर्ट से गैंगस्टर एक्ट के तीसरे मुकदमें में मुख्तार अंसारी को लगातार सजा सुनाई गई है। इससे पहले गाजीपुर के एमपी -एमएलए कोर्ट ने अवधेश राय हत्याकांड के बाद दर्ज हुए गैंगस्टर एक्ट के केस में और कृष्णानंद राय हत्याकांड के बाद दर्ज हुए गैंगस्टर केस में भी सजा सुनाई थी। दरअसल 19 अप्रैल 2009 को हुए कपिल देव सिंह हत्याकांड और 24 नवंबर 2009 को मीर हसन अटैक केस में मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। इन मामलों के मुख्य केस में मुख्तार अंसारी को कोर्ट द्वारा बरी कर दिया गया था। पुलिस ने इन दोनों ही मामले में मुख्तार अंसारी को 120बी यानी साजिश रचने का आरोपी बनाया था, लेकिन पुलिस साजिश में शामिल होने को साबित नहीं कर पाई थी। इसकी वजह से दोनों ही मूल केस में कोर्ट ने बरी कर दिया था। मगर अब गैंगस्टर एक्ट के केस में कोर्ट ने दोषी करार दिया है।

### बस से गिरकर खलासी की कुचलकर कर मौत

**गाजीपुर।** कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के वेद बिहारी पोखरा से भड़सर मार्ग पर चुरामनपुर मोड़ के पास शुक्रवार को एक यात्री बस से खलासी के गिरने के दौरान पिछले चक्का की चपेट में आने से घटना स्थल पर मौत हो गई। मौके से चालक और कंडक्टर वाहन को दूर छोड़ फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।उधर यात्री बस को कब्जे में लेकर थाने लाई। बता दें कि बिरनो थाना क्षेत्र के बिहरा निवासी उमेश पांडेय (46) एक प्राइवेट बस पर खलासी का काम करते थे। शुक्रवार को घर से भंडसर बाजार से कासिमाबाद जा रही बस पर चढ़े, जैसे ही चुरामनपुर गांव मोड़ के पास बस पहुंची इसी बीच बस के अगले दरवाजे से गिर गए। इससे पिछला चक्का सिर पर चढ़ते ही घटना स्थल पर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने लाई। परिजनों ने बताया कि मृतक उमेश पांडेय खलासी का काम कर जीविकोपार्जन करते थे। उनका बड़ा पुत्र आकाश पांडेय है। तीन पुत्रियां हैं, जिसमें एक की शादी हो चुकी है। घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी रिंकू पाण्डेय सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र आकाश पांडेय ने बस चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### एसडीएम के साथ राजनीतिक दलों की बैठक, वोटर लिस्ट पर हुई चर्चा



**गाजीपुर।** जखनिया तहसील के उपजिलाधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ विधानसभा 373 जखनियां में विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण के संबंध में बैठक हुई। जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। उप जिलाधिकारी ने कहा कि कल से ही बीएलओ वोटर लिस्ट में जॉच कर नाम बढ़ाने और काटने का कार्य कर रहे हैं। छह माह से बाहर रह रहे व्यक्तियों का नाम काटना है। सपा के विधानसभा अध्यक्ष अवधेश उर्फ राजू यादव ने कहा कि जखनियां विधानसभा सबसे पिछड़ा क्षेत्र रहा है, यहां 60 फीसदी गरीब हैं, जो गैर प्रांत में मेहनत मजदूरी कर-के जीविका चलाते हैं। साथ ही दो या तीन माह में आते -जाते हैं। ऐसे लोगों का नाम वोटर लिस्ट से न काटा जाए। पिछले बार जाति विशेष को देखकर काफी नाम वोटर लिस्ट से गायब रहा।उपजिलाधिकारी ने कहा कि ऐसा नही होगा पूरी पारदर्शिता रहेगी।इस मौके पर तहसीलदार धूर्वेश सिंह, नायब तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य, खंड शिक्षाधिकारी निर्लेंदु चौधरी, भाजपा नेता सोनू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जमालपुर महमदपुर में दो इंच का पाइप बिछाने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**चहनियां (चंदौली)।** जल जीवन मिशन के तहत गांव गांव पाइप बिछाने का कार्य चल रहा है। जमालपुर महमदपुर में चल रहे कार्य को रोककर ग्रामीणों ने 2 इंच का पाइप लगाने पर ग्रामीणों ने पाइप दिखाते हुए प्रदर्शन किया । सरकार द्वारा गांव गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप बिछाने का कार्य चल रहा है । जमालपुर महमदपुर में पाइप बिछाने गये ठेकेदारों से कार्य रूकवाकर 2 इंच का पाइप दिखाते हुए प्रदर्शन किया । ग्रामीणों का कहना कि है रोड पर 2 इंच का अंडरग्राउंड पाइप बिछ रहा है । 2 इंच की प्लास्टिक की पाइप की जगह जगह 6 इंच की पाइप जमीन के अंदर ग्राउंड में बिछाया जाए । क्योंकि 2 इंच के पाइप बिछाने से हम लोग के यहां तक पानी का आवागमन सुचारू रूप से नहीं हो सकता। जिसमें ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही की जा रही है । इस मौके पर अशोक यादव बीडीसी, दीनानाथ यादव, अमरनाथ यादव, रमेश यादव, खरपत यादव, विनय, अजीत, कमलेश, मयंक, रामजस, दुर्गेश, सतीश, सदानंद, राजेश, प्रमोद, प्रदीप, विक्रांत, धर्मेंद्र, अमित, सोनू, मुलायम, कुलदीप, ईद्रमण, पुरन इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### किसान पुत्र निखिल सिंह का अंडर -17 के नेशनल वॉलीबॉल में चयन से हर्ष




**गाजीपुर।** सेवराई तहसील अंतर्गत स्थानीय गांव के किसान पुत्र निखिल सिंह ने अंडर-17 के नेशनल वॉलीबॉल गेम में अपना जगह बना क्षेत्र सहित जनपद का नाम रोशन किया है। अपने लाल के चयन से ग्रामवासी ही नहीं पूरे जनपद में हर्ष व्याप्त है। सेवराई निवासी किसान कमलेश सिंह एवं रीता सिंह के पुत्र निखिल सिंह ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अंडर -17 के नेशनल वॉलीबॉल गेम में जगह बनाया। जम्मू कश्मीर प्रान्त में 31 अक्टूबर से चार नवंबर तक नेशनल गेम होगा। 27 अक्टूबर को निखिल जम्मू कश्मीर के लिए रवाना होंगे। निखिल का पढ़ाई -लिखाई के साथ बचपन से ही वॉलीबॉल खेल की तरफ रुझान था। उनके इस तन्मयता को देखते हुए परिजनों ने उत्साहित करते हुए पूरे मनोयोग से खेलने की प्रेरणा दी। परिजनों का सहयोग मिलते ही निखिल के हौसले बुलन्द हो गए और जनपद में चयन हुआ। अपनी प्रतिभा के बल पर वाराणसी मंडल में अपना जगह बना लिया। इसके बाद निखिल ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और वह उत्तरोत्तर आगे बढ़ता रहा। वाराणसी मंडल के बाद लखनऊ में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए गोरखपुर मंडल के देवरिया स्पोर्ट्स कालेज में अपना जगह बना लिया। खिलाड़ियों के सुविधा व भोजन का प्रबंध सरकार स्वयं करती है। कालेज में कड़ी मेहनत के बल पर डेढ़ साल बाद नेशनल वॉलीबॉल गेम के लिए चयनित होकर परिजनों सहित जनपदवासियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दिया। नेशनल वॉलीबॉल गेम में बेहतर प्रदर्शन के बाद देश व विदेश में भी खेलने का मौका निखिल को मिलेगा। नेशनल वॉलीबॉल गेम में चयन की सूचना मिलते ही स्वजनों के बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया तथा सभी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## परिवहन विभाग 13758 वाहनों का चालान करेगा माफ

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिले के सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय द्वारा स्वामियों का चालान माफ किया जा रहा है।जिसमें करोड़ों रुपए का फायदा होगा।इस संबंध में सहायक परिवहन अधिकारी ने बताया कि 2017 से लेकर 2021 तक के सभी चालान को शासन के निर्देश पर जनपद के 13 758 गाड़ियों का माफ करने की सूची जारी की गई है ।

बता दें कि जिले के कार्यवाह प्रभारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश के क्रम में जनपद में 2017 से लेकर 2021 के बीच में चालान हुई गाड़ियों के चालान माफ करने की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें जनपद के 13 758 वाहनों के चालान माफ किए जाएंगे।इसके लिए वाहन स्वामियों को सीजीएम न्यायालय में जाकर जीरो बैलेंस का रसीद कटवानी होगी और उस रसीद को परिवहन कार्यालय में जमा करना होगा,उसके उपरांत वाहनों का चालान माफ किए जाएंगे।लेकिन जिन वाहनों का टैक्स बकाया हैं उन वाहनों के टैक्स को जमा करने के उपरांत ही गाड़ियों के चालान माफ किए जाएंगे।



वही इस संबंध में ए आरटीओ रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि शासन के मानसा के अनुरूप कल 13758 वाहनों के चालान माफ करने की कार्यवाही करने के लिए सभी वाहनों के चालान सीजीएम कोर्ट भेजे गए हैं और इनके माफी की कार्यवाही तभी की जाएगी जब सीजेएम कोर्ट से रसीद कार्यालय में जमा होगी ।

# जीवन में सफलता के लिए प्रेरणा को अपनी आदत बनाएं छात्र: डॉ अर्चना

■ कैरियर व व्यवसाय मार्गदर्शन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**

लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय नगर के पं पारसनाथ तिवारी नवीन परिसर में शुक्रवार को महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ सेवायोजन सूचना व मंत्रणा केंद्र के द्वारा कैरियर व व्यवसाय मार्गदर्शन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेधा लर्निंग फाउंडेशन के एरिया मैनेजर रजत श्रीवास्तव ने कहा कि कोई व्यक्ति जीवन के विभिन्न कालावधियों में जिस क्षेत्र में काम करता है या जो काम करता है, उसी को उसकी आजीविका या 'वृत्ति' या रोजगार या कैरियर कहते हैं।

कैरियर काउंसिलिंग का संबंध वर्तमान भूमिका में बढ़ने या किसी अन्य भूमिका में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुभव के संदर्भ से जुड़ा होता है । उन्होंने कहा कि कैरियर काउंसलिंग की मदद से लोग अपने अंदर के हुनर को पहचान पाते हैं जिससे उनको कैरियर का चयन करने में कोई परेशानी नहीं होती है। जिस व्यक्ति की रूचि जिस क्षेत्र में रहती है, उसी में कैरियर काउंसलिंग उस क्षेत्र के लिए स्पष्ट सोच की भावना विकसित करने में सहायक होता है। डा अर्चना गोस्वामी, इतिहास विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने कहा कि कैरियर काउंसलिंग का मतलब है करियर परामर्शदाताओं से मिलकर अपने लिए अपनी रुचि ,कमजोरी व ताकत के अनुरूप सही करियर विकल्प का चयन करना । उन्होंने कहा कि सफलता के लिए प्रेरणा को अपनी आदत बनाइये। विश्वविद्यालय सेवायोजन केन्द्र के डा मदन लाल ने कहा बहिमुर्खी व्यक्तित्व आपकी सफलता का सोपान है।




सफल होने के लिए हमें अपनी प्रेरणा को अपनी आदत बनाना होगा। इस अवसर पर प्रो संजय, प्रो अजीत ने भी अपना विचार रखा। कार्यक्रम का संचालन प्रो अरुण ने किया। इस अवसर पर छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

# कैदियों के रहने व खाने-पीने की ली जानकारी

■ जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गई।

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शुक्रवार को जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव दीपेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया।

जेल में बंद बंदियों के लिए निः शुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गई। उनके यथोचित अधिकार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 960 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 844 पुरूष, 53 महिला के साथ नौ बच्चे निरूद्ध हैं तथा 63 अल्पवयस्क भी शामिल हैं। इस दौरान सुबह का नाश्ता-दलिया, चाय व दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, पालक, मूली) तथा सायंकाल का भोजन-रोटी, चावल, चना, उरद की दाल सब्जी (आलू, लौकी)। सचिव द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया। जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। कारागार परिसर में साफ-सफाई, मच्छरों के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कारागार कारापाल उपस्थित रहे।




### विधायक के निरीक्षण में न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लटके मिले ताले

**गाजीपुर।** सपा विधायक ओमप्रकाश सिंह ने स्वास्थ्य केन्द्र गहमर का निरीक्षण करने पहुंचे तो स्वास्थ्य केन्द्र पर लटका मिला ताला तो सपा विधायक नाराजगी जताते हुए कहे कि इस दौरान प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेते हुए कहा कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था गहमर में स्वास्थ्य केन्द्र पर पूर्ण रूप से बंद था लेकिन अधिकारियों से अवगत कराते हुए ओमप्रकाश सिंह प्रशासन से मांग करते हुए कहे कि इन अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी क्षेत्रीय ग्रामीण द्वारा शिकायत मिल रही थी एशिया के सबसे बड़ा गांव गहमर कहा जाता है ओमप्रकाश सिंह क्षेत्र में भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गए ना कोई अधिकारी है नही कोई कर्मचारी मौजूद रहे स्वास्थ्य केन्द्र पर ताला लटका मिला।